मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर ''किशोर जी''
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# एसआईआर में चिह्नित मतदाताओं को नोटिस

## सुनवाई शुरू, जिले में 3.5 लाख मतदाताओं की खंगाली जा रही कुंडली ▪ हो चुकी मैपिंग, डाटा पर संदेह, बीएलओ पहुंचने लगे घर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** जिले में लगभग साढ़े तीन लाख मतदाताओं की कुंडली खंगाले जाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। नोटिसें जारी किए जाने के साथ सुनवाई शुरू हो गई है। यह एसआईआर में मैपिंग करा चुके मतदाता है। इनकी जांच की जा रही है। इसके लिए अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की तैनाती की गई है।

जिले के इन मतदाताओं का डाटा संदिग्ध मान इनकी जांच का निर्देश आयोग ने दिया है। लगभग सभी तहसीलों में इसके लिए नोटिसें जारी करके सुनवाई शुरू कर दी गई है।



### अतिरिक्त एआरओ की तैनाती

व्यवस्था कुछ इस तरह है कि तहसील से चिह्नित मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से नोटिसें जारी की जा रही है। बीएलओ सबंधित मतदाता के घर जाएंगे।वहां उनसे वह कागजात लेकर वहीं अपलोड कर देंगे।

इस व्यवस्था में मतदाताओं को फिलहाल कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। उनकी सुविधा के लिए आयोग ने यह व्यवस्था लागू की है। पहले मतदाता को सुनवाई के लिए एआरओ के पास जाने की व्यवस्था थी। जो मतदाता अपना कागजात नहीं दे पाएंगे उनको जरूर एआरओ के पास जाना पड़ सकता है। एआरओ को मतदाताओं को बुलाने का अधिकार है।

मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता बने रहने के लिए साल 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की व्यवस्था की गई थी। फॉर्म के साथ दादा-दादी, नाना-नानी के साथ अन्य रिश्ते के लोगों की वोटर आईडी नंबर के साथ उनका डिटेल भरा गया था। अब जिले में 3,56,627 ऐसे मतदाता चिंहित किए गए हैं, जिन पर शक की गुंजाइश बन रही है। आयोग इनकी कुंडली खंगाल कर सच जानना चाहता है। जिससे मतदाता सूची की शुद्धता पर अंगुली न उठ सके।

> तहसील क्षेत्र में लगभग 65 हजार लॉजिकल डिस्पेंसीज मतदाता चिंहित किए गए हैं। यह मैपिंग मतदाता हैं। इनकी जांच के लिए आयोग से कई चिंहित बिंदु हैं। बीएलओ, मतदाता के घर जाएंगे। वहां कागज लेकर अपलोड करेंगे। जो मतदाता कागज नहीं द पाते उनका एआरओ बुला सकते हैं। –आरपी त्रिपाठी, एसडीएम सदर, अयोध्या।

### इन मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिस

ऐसे मतदाता जिनकी मैपिंग करने वाले दादा-दादा, नाना-नानी जैसे रिश्तों के लोगों और मतदाता की उम्र में महज 10 से 15 साल की अंतर मिला। बाबा-नाती, पिता-पुत्र आदि की उम्र में 10 से 15 साल के अंतर को आयोग तर्क संगत नहीं मानता। पिता-पुत्र, दादा-दादी से उम्र का अंतर इतनी नहीं हो सकता। इसी तरह आयोग ने एक परिवार की यूनिट को छह की संख्या में मान रहा है। बहुत से ऐसे मतदाता भी चिंहित किए गए जिन्हें मैप करने वाले रिश्ते के एक ही व्यक्ति से किया गया है। इसी तरह की पांच से छह बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच के लिए मतदाताओं की यह सूची तैयार की गई है।

## दक्षिण अफ्रीका से आएगा 40 सदस्यों का दल

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** दक्षिण अफ्रीका से भारतीय मूल के 40 सदस्यों का दल अयोध्या आएगा। सोहावल तहसील क्षेत्र बरई कला निवासी अंकित मिश्र ने बताया कि दल 27मार्च को लखनऊ से नैमिषारण्य पहुंचेगा। जहां अखंड रामायण का पाठ व हवन पूजन करने के बाद प्रयागराज व काशी में दर्शन-पूजन करेगा। वहां से अयोध्या आएगा, 6 से 8 अप्रैल तक रामनगरी में रहकर रामलला के दर्शन, सुंदरकांड का पाठ, दर्शन-पूजन व भ्रमण करेगा। उन्होंने बताया कि ह्यूमन सर्विस ट्रस्ट दक्षिण अफ्रीका से जुड़े लोगों का इस जत्थे का नेतृत्व विजय वर्गीय व आलोक दीक्षित करेंगे। भारत और अयोध्या भ्रमण का उद्देश्य विश्व स्तर पर सनातन धर्म को मजबूत करना और इसके विकास को गति देना है। हिंदुत्व और सनातन धर्म की पताका विश्व में फहराना ट्रस्ट का लक्ष्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### आन्ध्र की मातृशक्तियों ने किया मानस पाठ

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में सोमवार को आन्ध्र प्रदेश से आईं मातृशक्तियों ने श्रीराम चरित मानस का पाठ किया। ट्रस्ट की ओर से आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल के अनुसार सी श्रीदेवी समेत 34 श्रद्धालुओं ने पाठ के बाद प्रभु श्रीराम का दर्शन-पूजन किया।

### प्रदेशीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता स्थगित

**अयोध्या, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में डाभासेमर सथित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाली प्रदेशीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह ने बताया कि आयोजन की अगली तिथि जल्द घोषित की जाएगी।

### अभिषेक का बीएचयू में पीएचडी के लिए चयन



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के ग्राम पिलखावन, पोस्ट ज्ञानापुर निवासी अभिषेक पांडेय का चयन जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के माध्यम से काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है। अभिषेक ने इससे पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एमएड की शिक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण की थी। चयन की सूचना मिलते ही ग्राम पिलखावन में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया।

### अपने वाहनों के प्रपत्र कराएं वैध:आरटीओ

**अयोध्या, अमृत विचार :** संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह ने वाहन मालिकों से अपील कि है कि अंतिम तिथि से पहले अपने वाहनों के प्रपत्र वैध करा लें। आरटीओ ने बताया कि 181 ऐसे प्रकरण जिसमें ऑल इण्डिया परमिट के अधिकार पत्र का नवीनीकरण समय से नहीं कराया गया, 164 वाहन स्वामियों के परमिट को 20 फरवरी तक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। 49 बसों को स्टेज कैरिज के परमिट की स्वीकृति प्रदान की गई। वे निर्धारित समय सीमा एवं दी गई शर्तों को पूर्ण कर परमिट अवश्य प्राप्त कर लें।पांच ऐसे वाहनों जो ओवरलोड में संचालित पाए गए थे और संबंधित प्रवर्तन अधिकारियों से धारा 86 में संस्तुति प्राप्त हुई, को पूर्व बैठक में निलंबित किया गया था, की निलंबन अवधि बढ़ाते हुए जुर्माना/दोगुनी सहमत राशि 20 हजार के साथ 20 फरवरी तक नहीं करते तो उनके परमिट को आगामी बैठक में निरस्तीरण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

### रोजगार मेला 26 को



**अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय और डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 26 फरवरी को व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग, आईईटी परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार ने बताया कि इसमें 50 से अधिक प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा दो हजार से अधिक पदों पर चयन किया जाएगा। ऐसे बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य है और शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई, बीबीए, एमबीए, बीटेक तक प्रतिभाग कर सकते है।

# राम मंदिर को हस्तांतरित करने पहुंचे निर्माण समिति के अध्यक्ष

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में आधुनिक सुरक्षायुक्त बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं परिसर में संपूर्ण निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद उसे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को हस्तांतरित करने के लिए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र सोमवार को अयोध्या पहुंचे। बताया जा रहा हैं कि जल्द ही हस्तांतरित करने की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा।

मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय मंगलवार से शुरू हो रही है। इसके पूर्व सोमवार समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल, ट्रस्ट भवन और



राम मंदिर

ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि बैठक के पहले दिन अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र अपने निर्माण संस्था एलएंडटी व टाटा कंपनी के साथ परिसर के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया गया हैं। जो भी निर्माण का कार्य है उनकी गुणवत्ता और मानक की जानकारी ली है। निश्चित रूप से भव्य और सुंदर मंदिर के साथ पूरे परिसर की सुंदरता और सुरक्षा का भी ख्याल रखते हुए सभी कार्य पूर्ण हो रहे है। अधिकतर कार्य पूरे भी चुके हैं।

राम जन्मभूमि परिसर में विभिन्न मंदिरों में दर्शन और श्रद्धालुओं की सुविधा के कार्यों के पूरा होने पर उन्हें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को आधिकारिक तौर पर

### निरीक्षण

हस्तांतरित करने के लिए पत्रावली को तैयार कर लिया गया है। जिसमें राम मंदिर और आठ एकड़ के 800 की परिधि में कॉरिडोर का निर्माण किया गया है। जिसमे छह पंचायतन मंदिर भगवान गणेश, हनुमान जी, भगवान सूर्य, मां भगवती, माता अन्नपूर्णा देवी और भगवान शंकर का हैं। इसके अलावा शेषावतार मंदिर, सप्त ऋषियों में महर्षि बाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, अहिल्या देवी, शबरी और निषादराज का मंदिर बना हुआ है। कहा कि 19 मार्च को भव्य आयोजन के साथ राम मंदिर में श्री राम महायंत्र स्थापित होगा।

## कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचारः** अयोध्या-रायबरेली राजमार्ग पर बरई पारा के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार साइकिल समेत बुजुर्ग को करीब 50 मीटर तक घसीटती रही। स्थानीय लोग व ग्राम प्रधान हृदेश यादव ने एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस लगभग आधे घंटे बाद पहुंची और घायल को 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को अस्पताल में रखवाकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं और तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है।

# फागुन मंदिरों में चढ़ने लगा होली के रंग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में होली उत्सव के रंग चटक होने लगे हैं, 18 फरवरी से फागुन माह प्रारंभ होने के साथ राम मंदिर के अलावा कनक भवन, हनुमान गढ़ी, दशरथ महल, लाल साहब दरबार, राम वल्लभा कुंज, बड़ा भक्तमाल, लक्ष्मण किला, रामलाल सदन, हनुमत निवास, चारु शिला मंदिर समेत अन्य मंदिरों में उत्सव को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। कहीं रंगों की होली तो कहीं फूलों की होली का आयोजन होगा।

संत-महंत हारमोनियम, ढोल, मजीरे के साथ भजन और बधाई गीत गाते हुए उत्सव मनाएंगे। गर्भगृह में भगवान को विशेष प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास ने बताया कि इस दौरान तरह-तरह के व्यंजनों का पकवान बनाकर भगवान को अर्पित करते हैं।

### 27 को मनाई जाएगी रंग भरी एकादशी

सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर में रंगभरी एकादशी पर खास उत्सव का आयोजन होता है। जहां बजरंग बली के निशान के साथ नागा साधु पहले हनुमान गढ़ी पर होली देखते है। इसके बाद जुलूस के रूप में सभी नागा साधु सड़कों पर रंग खेलते हुए अलग-अलग मंदिर में जाते हुए पंचकोसी परिक्रमा करते है। इस बार यह उत्सव 27 फरवरी को पड़ रहा है।

# लखनऊ में धमकी के चलते कचहरी में अलर्ट

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** लखनऊ में बम से उड़ाने की धमकी के ईमेल के चलते जिला कचहरी में दो अपर जिला जजों व सीजेएम ने सोमवार को सभी गेटों का निरीक्षण किया। मौजूद सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गेट नंबर पांच से गुजर रहे दो वाहनों को रोककर उसमें मौजूद अधिकारियों को पैदल जाने और गाड़ी मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क करने की हिदायत दी।

लखनऊ में आधिकारिक ई मेल के जरिए बम ब्लास्ट करने की धमकी दी गई। इसकी जानकारी जिला कचहरी में होने पर नजारत प्रभारी अपर जिला जज प्रदीप कुमार सिंह, इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रभारी अपर



कचहरी परिसर का निरीक्षण करते अपर जिला जज व सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी।

- अपर जिला जज और सीजेएम ने किया निरीक्षण

जिला जज प्रेम प्रकाश व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने कचहरी के गेट नंबर तीन, चार ,पांच और छह का निरीक्षण किया। इसके बाद जांच दल ने गेट पर मौजूद रजिस्टर की भी पड़ताल की। उसमें कई अधिवक्ताओं और अधिकारियों का हवाला दिखा तो उसके संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गेट नंबर छह पर भी रजिस्टर देखा। राजस्व अभिलेखागार के पूर्व की तरफ खड़े एक चार पहिया वाहन को भी कचहरी से बाहर करवाने का आदेश क्षेत्राधिकारी नगर ने दिया।

## आज लग रहा वर्ष का पहला सूर्य ग्रहण

**अयोध्या, अमृत विचार :** माघ की अमावस्या तिथि पर वर्ष का पहला सूर्यग्रहण आज 17 फरवरी को लग रहा है। इसका असर भारत में नहीं पड़ रहा है। हालांकि खास मंदिर में इस सूर्य ग्रहण पर भी विशेष अनुष्ठान पूजन होगा। ग्रहण दोपहर 3 :26 बजे से शाम 7 :57 तक रहेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह ग्रहण भारत में अदृश्य होगा। यह ग्रहण मुख्य रूप से जिम्बाब्वे, जाम्बिया, तंजानिया, मोजाम्बिक, नामीबिया, मॉरीशस, बोत्सवाना, चिली, अर्जेंटीना सहित दक्षिणी अफ्रीका, अंटार्कटिका और दक्षिण अमेरिका में रहने वालों को दिखाई देगा। भारत के लिए इस ग्रहण का कोई धार्मिक महत्व नहीं है। ज्योतिषाचार्य पंडित कलकि राम बताते हैं कि भले ही भारत में यह ग्रहण अदृश्य है, लेकिन इसका प्रभाव धरती लोक पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर पड़ता है। इसलिए सूर्य ग्रहण के दौरान भगवान का भजन करें।

# ट्रेलर में भिड़ा डंपर, चालक की मौत

बारुन, अयोध्या।

**अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के बारुन बाजार में सोमवार सुबह मस्जिद के पास अयोध्या-रायबरेली फोरलेन पर हुई सड़क दुर्घटना में डंपर चालक कुलदीप गुप्ता (28) पुत्र सन्तोष गुप्ता निवासी फतेहपुर की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के समय आगे चल रहे ट्रेलर का अगला पहिया फट गया था। बस्ती निवासी ड्राइवर मोहित कुमार ने ट्रेलर रोक दिया। दूसरा चालक बजरंगी नीचे उतरकर वाहन को किनारे लगाने के लिए पीछे खड़ा होकर साइड देख रहा था। इसी बीच जगदीशपुर की ओर से आ रहे डंपर ने ट्रेलर को पीछे से टक्कर



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त ट्रेलर। अमृत विचार

- बारुन बाजार में दुर्घटना केबिन से मशक्कत के बाद निकाला ड्राइवर

मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर का इंजन वाला हिस्सा चिपक गया। चालक कुलदीप स्टीयरिंग के पास फंस गया। आवाज सुनकर बाजार वासी बचाव कार्य में जुट गए।

बारुन पुलिस चौकी का पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। मशक्कत के बाद डंपर के केबिन में फंसे चालक कुलदीप को बाहर निकालकर गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बैरकों की कमी, जघन्य अपराध नहीं, रजिस्टर को अपडेट की जरूरत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचारः** संवेदनशीलता की दृष्टि से अहम् राम जन्म भूमि थाने का सोमवार को निरीक्षण अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था इंद्राकांत द्विवेदी ने किया। थाने में स्टाफ के सापेक्ष बैरकों की संख्या कम मिली। आंकड़ों में जघन्य अपराध नहीं हैं। रजिस्टरों को अपडेट के साथ साफ-सफाई जैसे कई बिंदुओं पर एडीएम ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया। अयोध्या कोतवली के साथ राम जन्मभूमि थाना अयोध्या के यलो जोन में है। यह संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। थाने के आंकड़ों में काफी दिनों से जघन्य अपराध दर्ज नहीं है, हां, छिनैती, चोरी जैसे मामले दर्ज हैं। एडीएम कानून व्यवस्था के निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ। बताया गया है कि यहां बैरकों की संख्या केवल दो है। यह स्टाफ की दृष्टि से कम माना जा रहा है। एडीएम ने त्योहार रजिस्टर को अपडेट करने का निर्देश दिया। नए दीवान आलोक से बातचीत में थानाध्यक्ष अभिमन्यु शुक्ला को मदद जरूर करनी पड़ी। टोंटी से पानी बहता मिला, एडीएम ने ठीक कराने को कहा। मालखाना और बंदीगृह पर नाम दर्ज नही था लिखवाने का निर्देश दिया। महिला सशक्तिकरण की कार्रवाई पर गौर किया।

- एडीएम के निरीक्षण में कुछ ऐसा रहा आरजेबी थाने का परिदृश्य

## निर्माण कार्यों को शीघ्र कराएं पूर्ण : डीएम

**अयोध्या, अमृत विचारः** जिलाधिकारी निखिल टीकराम फुंडे ने कहा कि अंतिम चरण में तल रही परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराएं। वह सोमवार को विकास भवन सभागार में 2026 की सीएमआईएस पोर्टल पर फीड परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने समीक्षा की सह-अध्यक्षता की। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी विभागाध्यक्ष अपनी-अपनी परियोजनाओं की प्रगति समयबद्ध रूप से सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज कराएं। आंकड़ों की शुद्धता एवं पारदर्शिता बनाए रखें। समीक्षा के दौरान जिन परियोजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उनके संबंध में संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने, बाधाओं को तत्काल दूर करने और निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### अभिनेता किकू शारदा ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** कपिल शर्मा शो के अभिनेता किकू शारदा सोमवार को परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे। उन्होंने श्रीराम मंदिर, हनुमानगढ़ी और कनक भवन के दर्शन किए, सरयू माता की पत्नी संग आरती की।

# रमजान, होली और चैत्रराम नवमी मेला इस बार पड़ेगा एक साथ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** पवित्र रमजान और चैत्रराम नवमी मेला इस बार एक साथ पड़ेगा। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने मजिस्ट्रेटों को जिम्मेदारी सौंपी है। डीएम ने बताया कि इस साल चंद्र दर्शन के अनुसार 18/19 फरवरी से रमजान का माह प्रारम्भ होना सम्भावित है। चंद्र दर्शन के अनुसार ईद-उल-फितर का त्यौहार 20/21 मार्च को मनाया जाना संभावित है। रमजान माह में 20 और 27 फरवरी, छह मार्च को शुक्रवार और 13/20 मार्च को को रमजान का अन्तिम शुक्रवार पड़ेगा। इसी तरह शिया समुदाय से रमजान के महीने में 19वीं, 20वी, 21वी को जुलूस भी निकाले जाते है।

अयोध्या धाम का चैत्र रामनवमी मेला 19 से शुरू होकर 27 मार्च तक मनाया जाएगा। होलिका दहन 02 को व 04 मार्च को होली का त्योहार है। इसके मद्देनजर डीएम ने जिम्मेदारी सौंपी है। नगर मजिस्ट्रेट और रेजीडेंट मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्र और सभी उप जिला मजिस्ट्रेटों को अपने तहसील क्षेत्रों में पुलिस क्षेत्राधिकारियों व अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) संपूर्ण अयोध्या नगर क्षेत्र में और अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) संपूर्ण जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अपने काउन्टर पार्ट अपर पुलिस अधीक्षक से समन्वय बनाकर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। पर्व के मद्देनजर नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय में (05278-223753) को कन्ट्रोल रूम बनाया जाएगा।

- जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारी, मजिस्ट्रेटों को सौंपी जिम्मेदारी

**कवायद** | जिले के गांवों में ओपन जिम और स्टेडियम निर्माण की तैयारी

# चमकेंगी जिले के ग्रामीण इलाकों की प्रतिभाएं

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** जिले के ग्रामीण इलाकों की खेल सुविधाओं में अब बड़ा परिवर्तन होने जा रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ युवाओं के खेल और शारीरिक विकास पर विशेष जोर देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ओपन जिम और आधुनिक स्टेडियम निर्माण की व्यापक योजना बनाई है। इस कदम से अयोध्या के गांवों में छिपी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा। युवा स्थानीय स्तर पर ही विश्वस्तरीय अभ्यास कर सकेंगे।

जिले के ग्रामीण इलाकों में ओपन जिम और मिनी स्टेडियम बनाने के लिये प्रशासन द्वारा 11 विकासखंड में भूमि चिह्नित करने का कार्य शुरू हो चुका है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में उपयुक्त जगहों की पहचान की जा रही है। योगी सरकार ने खेल को युवा सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम माना है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खेल सुविधाओं पर विशेष प्रावधान किया गया है। राज्य स्तर पर ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम निर्माण के लिए 130 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित की गई है। यह राशि पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उपयोग की जाएगी, जिसमें अयोध्या के गांव भी प्रमुखता से शामिल होंगे।

### युवाओं को मिलेगा बड़ा मौका



अजय तिवारी।

रुदौली क्षेत्र के बिड़हार गांव निवासी अजय तिवारी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में ऐसी आधुनिक सुविधाएं आने से हमारे जैसे युवाओं को बड़ा मौका मिलेगा। प्रतिभा होने के बावजूद संसाधनों की कमी से पीछे रह जाते थे, अब घर के पास ही क्रिकेट, कुश्ती या फुटबॉल का प्रैक्टिस कर सकेंगे।

### गेम चेंजर साबित होगी योजना



मुकुल श्रीवास्तव

मिल्कीपुर क्षेत्र के किनौली गांव निवासी मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि मिनी स्टेडियम व ओपन जिम की सुविधा गांव के युवाओं के लिए गेम चेंजर साबित होंगी। आधुनिक सुविधाओं से ट्रेनिंग मिलेगी। क्रिकेट और एथलेटिक्स में मेरी रुचि है। मैं नियमित अभ्यास कर राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकूंगा।

> जिले के ग्रामीण युवा अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। भूमि चिह्नांकन के बाद जल्द ही निर्माण एजेंसियां काम शुरू करेंगी। इससे न केवल युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। –कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी।

## निर्मला हॉस्पिटल को पक्ष रखने का नोटिस

**अयोध्या, अमृत विचार :** साकेतपुरी स्थित निर्मला हॉस्पिटल को अपना पक्ष रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस जारी किया है। निश्चित समयावधि में इस नोटिस का जवाब देना पड़ेगा। इंजेक्शन के ओवरडोज से महिला की मौत के मामले में तत्कालीन सीएमओ डॉ.सुशील कुमार बानियान ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल की ओटी सील करते हुए लाइसेंस निरस्त कर दिया था। इससे पहले बेसमेंट में मानक विहीन आईसीयू को सील करते हुए आईपीडी पर रोक लगा दी थी। इसके बाद निर्मला हॉस्पिटल प्रशासन कोर्ट चला गया था। कोर्ट ने उसे राहत दी थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.देवेंद्र भिटौरिया ने बताया कि निर्मला हॉस्पिटल को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है। इसके बाद विभाग की रिपोर्ट और उनके पक्ष का मिलान किया जाएगा। अगर कोई असमानता हुई तो कार्रवाई की जाएगी।

## सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा आज से

**अयोध्या, अमृत विचारः** सीबीएसई 10 वीं की बोर्ड परीक्षा गणित विषय के साथ मंगलवार से शुरू हो रही है। सीबीएसई के जिला को-आर्डिनेटर व महाराजा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीबीएसई 10 वीं की बोर्ड परीक्षा मंगलवार को जिले के 13 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। पहले दिन गणित विषय में बेसिक मैथ्स व स्टैंडर्ड मैथ्स की परीक्षा होगी। इसमें जिले के 56 विद्यालयों के लगभग 4600 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। सीसीटीवी की नजर में आयोजित नकल विहीन परीक्षा के लिए फ्लाइंग स्क्वायड होंगे, जो परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण करेंगे। सुबह 10:30 बजे शुरू होने वाली परीक्षा के लिए परीक्षार्थी को हर हाल में 10 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश करना अनिवार्य होगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी अपना स्कूल परिचय पत्र, परीक्षा एडमिट कार्ड, पारदर्शी पेन, पाउच व वाटर बॉटल के साथ समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचे।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** अंबेडकरनगर मुख्य मार्ग पर तेजापुर गांव के पास दोपहिया वाहन की टक्कर से वन राजा बस्ती गोसाईगंज निवासी राजकुमार (38) गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सा प्रभारी डॉ. आरके राणा ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। कस्बा पुलिस प्रभारी आशुतोष गुप्ता ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रमजान की तैयारी तेज, जिला प्रशासन को भेजा पत्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुस्लिम समुदाय ने माह-ए-रमजान की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वरिष्ठ मुस्लिम धर्म गुरु मुफ्ती मोइनुद्दीन अशरफी ने बताया कि संभावित रूप से 19 फरवरी गुरुवार से पवित्र महीना रमजान शुरू हो सकता है। यह तारीख चंद्रमा पर निर्भर करेगी। मरकजी अंजुमन तबलीग अहलै सुन्नत जामा मस्जिद टाट शाह के पूर्व मीडिया प्रभारी बाबा जाहिद खाँ वारसी ने जिला प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों को एक पत्र भेजकर साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था आदि की मांग की है।

### नशेड़ियों व रील बनाने वालों से अव्यवस्था

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** बाईपास मार्ग के भीटी पुल के अंजनी पथ पर इन दिनों अव्यवस्था है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां प्रतिदिन दोपहर और शाम के समय शराबियों, गांजा पीने वालों और अन्य नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हनुमान मंदिर के पुजारी सचिन तिवारी का कहना है कि आए दिन अशोभनीय व्यवहार की शिकायतें मिलती हैं। साथ ही कुछ युवक-युवतियों से सड़क किनारे रील बनाने और डांस करने की गतिविधियां भी बढ़ गई हैं। इससे वाहन चालकों का ध्यान भटकता है। सड़क पर भीड़ जमा हो जाती है। जिसके कारण जाम की स्थिति बन जाती है। प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### गौशाला का टीनशेड बेचने का आरोप, रोष

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** मवई क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम पंचायत स्थित गौशाला के टीनशेड को कथित रूप से कबाड़ में बेचने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर मिलीभगत कर गौशाला के पाइप व टीन चद्दर बेचने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं पंचायत सचिव का कहना है कि जानकारी मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए समस्त सामग्री वापस रखवा दी गई। थाना प्रभारी शैलेन्द्र आजाद ने बताया कि पीआरवी 112 पर सूचना मिली थी। पंचायत सचिव से वार्ता के बाद सामान गौशाला पहुंचा दिया गया है। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जिला अस्पताल राम भरोसे पद 50 और डॉक्टर सिर्फ 20

## चेस्ट फिजिशियन, न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट व ईएनटी विशेषज्ञ नहीं

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या का 212 बेड वाला जिला अस्पताल राम भरोसे चल रहा है। वर्षों से डॉक्टरों की भारी कमी है। स्वीकृत पदों के मुकाबले आधे से भी कम डॉक्टर होने से हालत चिंताजनक बनी हुई है। चिकित्सकों के 50 स्वीकृत पदों में से वर्तमान में महज 20 डॉक्टर ही सेवाएं दे रहे हैं। चेस्ट फिजिशियन, न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट व ईएनटी विशेषज्ञ भी नहीं हैं। ऐसे में गरीब मरीज भटकने को मजबूर होते हैं। अस्पताल में रोज करीब 1000 की ओपीडी होती है। दूर-दूर से मरीज पहुंचते हैं। मरीज व तीमारदारों का कहना है कि ओपीडी में सुबह से लंबी कतारें लगती हैं। जांच और दवाओं में देरी होती है। सीएचसी-पीएचसी से रेफर मरीज यहां पहुंचते हैं, लेकिन विशेषज्ञ न होने से उन्हें लौटना पड़ता है या दूर के अस्पतालों में जाना पड़ता है। इससे समय, पैसा और स्वास्थ्य पर बोझ बढ़ता है।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक पहुंच रहे हैं। इनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए सरकार लगातार सेवाएं बढ़ा रही है, लेकिन डॉक्टरों की कमी पर भी ध्यान देना जरूरी है। अस्पताल में कुछ दिन पहले तक दो-दो ईएनटी विशेषज्ञ की तैनाती थी, लेकिन एक को दूसरे चिकित्सालय में अटैच कर दिया गया, जबकि दूसरे के खुद ही छोड़ने की बातें सामने आई थीं।

सूत्रों की मानें तो जनरल फिजिशियन के तीन पद स्वीकृत हैं, लेकिन सिर्फ एक ही कार्यरत है। कभी-कभार मरीजों की लंबी कतार हो जाने पर व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाती हैं। यह स्थिति रामनगरी के लिए शर्मिंदगी का विषय बनी हुई है, जहां एक पर्यटन बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। इस संदर्भ में प्रभारी सीएमएस डॉ. राजेश सिंह से शाम पौने सात बजे बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि मैं अभी मीटिंग में हूं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि शासन से पत्राचार किया गया है। जल्द ही चिकित्सकों की पूर्ति होने की संभावना है।



जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

- 1000 के करीब रोज की ओपीडी



- एक फिजिशियन के भरोसे अस्पताल, रोजाना दूर-दूर से पहुंचते हैं बड़ी संख्या में मरीज

### अभी इन चिकित्सकों की तैनाती

जिला अस्पताल में अभी तीन पैथोलॉजिस्ट, तीन आई सर्जन, तीन ऑर्थो सर्जन, एक फिजिशियन, एक रेडियोलॉजिस्ट, दो बाल रोग विशेषज्ञ, एक चर्म रोग विशेषज्ञ, दो एनेस्थेटिस्ट व दो जनरल सर्जन समेत 20 चिकित्सकों की तैनाती है।

### बाल रोग विशेषज्ञ उठाते हैं फिजिशियन की जिम्मेदारी

कई बार ऐसा मौका आता है कि जनरल फिजिशियन की ड्यूटी अलग लग जाती है। ऐसे में बाल रोग विशेषज्ञ फिजिशियन की गैरमौजूदगी में उनका कार्य देखते हैं। फिलहाल यह तो तकनीकी जानकार ही बता सकते हैं कि बाल रोग विशेषज्ञ व्यस्क मरीजों का कैसा इलाज करते होंगे। यही हाल जनरल सर्जरी में भी है। जनरल सर्जन के न रहने पर आर्थो सर्जन ओपीडी में बैठकर जनरल सर्जरी के मरीजों का उपचार करते हैं। चिकित्सकों की कमी के कारण ही अक्सर इलाज में लापरवाही का भी परिजन आरोप लगाते रहते हैं।

### रेफर करना ही है मजबूरी

जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञों की कमी के कारण गंभीर मरीजों को अक्सर हायर सेंटर ही रेफर करना पड़ता है। इससे गरीब और ग्रामीण मरीजों को भारी परेशानी हो रही है।

# बिना डिग्री धारक चला रहे नर्सिंग होम

**पटरंगा, अयोध्या। अमृत विचार :** सीएचसी मवई क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान समय में 24 से अधिक नर्सिंग होम का संचालन हो रहा है। इन नर्सिंग होम में कुछ का पंजीकरण है तो कुछ बिना पंजीकरण के ही बिना डिग्री धारक डॉक्टरों के चला रहे हैं। ग्रामीणों को अपने जाल में फंसा कर मोटी रकम ले लेते हैं और बाद में जब हालत बिगड़ती है तो लखनऊ रेफर कर देते हैं।

वर्तमान समय में मवई बाजार, बरौली चौराहा, बाबा बाजार, सैदपुर, भक्त नगर व उमापुर सहित आदि प्रमुख स्थानों पर नर्सिंग होम के बाहर बोर्ड पर दर्जनों चिकित्सकों के नाम दिखाई देंगे, लेकिन जब आप इनके अंदर जाकर पता करेंगे तो डॉक्टर ऑन कॉल पर सिर्फ ऑपरेशन कर चले जाते हैं। अगर किसी मरीज की रात में तबियत बिगड़ रही है तो उसका इलाज झोलाछाप द्वारा किया जाएगा। यही नहीं इस क्षेत्र में संचालित हर नर्सिंग होम का अलग-अलग चार्ज लिया जाता है। स्थिति ऐसी है कि पहले मरीजों को कम रेट बताया जाता है। भर्ती किए और ऑपरेशन के बाद बताए गए रेट से दोगुना धन राशि वसूल की जाती हैं। इसी प्रकार अभी एक ताजा मामला मवई चौराहा के आर एस हॉस्पिटल में हुआ, जिसमें बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद रात में जब महिला की हालत बिगड़ी तो बिना डिग्री धारक डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया। हालत गंभीर हुई तो लखनऊ रेफर कर दिया गया और बाद में उसकी मौत हो गई। इस हॉस्पिटल को अभी शुरू हुए दो ही महीना हुआ है। इसका पंजीकरण भी नहीं हो सका है। मवई सीएचसी अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**सीएचसी अधीक्षक बोले, जांच कर की जाएगी कार्रवाई**

# तिलोदकी के पुनरुद्धार की फिर कवायद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** अयोध्या की पौराणिक तिलोदकी गंगा नदी के पुनरुद्धार की एक बार फिर कवायद शुरू हुई है। नदी का मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यनल में हैं। शहरी क्षेत्र में सिंचाई विभाग ने बचाव की पेशबंदी शुरू कर दी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यनल में पिछली सुनवाई के दौरान निर्देश था कि छह महीने में नदी का पुनरूद्धार/कायाकल्प किया जाए। तीन महीने बाद इसकी प्रगति रिपोर्ट एनजीएटी के सामने प्रस्तुत करनी होगी। लगभग तीन महीने बीत गए लेकिन आसपास के लोगों की मानें तो काया कल्प के नजरिए से अभी काम नहीं हुआ। चार महीने बाद फिर बारिश का मौसम आ जाएगा। पिछले साल जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे और सीडीओ केके सिंह ने तिलोदकी के पुनरुद्धार के लिए दौरा किया था। पहले छह किमी. में काम की शुरूआत की भी गई थी। अब सिंचाई विभाग ने शहरी क्षेत्र में पेशबंदी शुरू कर दी है। मामले के वादी दुर्गा प्रसाद यादव ने बताया कि अभी सप्ताह भर पहले सिंचाई विभाग के अफसरों का फोन आया था कि जहां से प्रदूषित पानी का जमाव होता उसे खोल दिया जाए। शहरी क्षेत्र में तो नदी के लिए इसकी तली को ही पक्का बना दिया गया है। नदी का तल तो पक्का होता नहीं है। नदी के पुनरुद्धार या शहरी क्षेत्र के तल पर तो काम संज्ञान में नहीं है। इस बावत सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता से भी वस्तुस्थिति जानने की कोशिश की गई लेकिन फोन कॉल रिसीव नहीं हुई।



तिलोदकी गंगा नदी (फाइल फोटो)

- सिंचाई विभाग ने शुरू की पेशबंदी, एनजीटी में है मामला

### शिविर में 100 आधार कार्डों में हुआ संसोधन

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल क्षेत्र अंतर्गत अरथर गांव में आधारकार्ड संसोधन को लेकर भारी दुश्वारियों का सामना करना पड रहा था। लोगों की परेशानी देख अरथर गांव निवासी राम सुरेश सिंह ने प्रधान डाकघर अधीक्षक हरेकृष्ण यादव को उक्त समस्या से अवगत कराते हुए गांव में शिविर लगवाने की मांग की थी। इस पर जिला मंडल कार्यालय अधिकारी अमित कुमार पोस्टमास्टर किशन सिंह ने तीन दिवसीय शिविर लगाया। जिसमें लगभग 100 आधार कार्ड का संसोधन किया गया। साथ ही 12 सुकन्या समृद्धि योजना का खाता खोला गया।

**12 को मिला सुकन्या योजना का लाभ**



रुदौली में तहसीलदार रुदौली विजय गुप्ता को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

### अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** प्रदेश में तीन अधिवक्ताओं की बीते दिनों हुई हत्या के विरोध में तहसील के अधिवक्ताओं ने सोमवार को उपनिबंधक कार्यालय से तहसील तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। बार अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन ने राज्यपाल को संबोधित चार सूत्री मांग पत्र तहसीलदार रुदौली विजय गुप्ता सौंपा। इसमें अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, अधिवक्ताओं के हत्यारों की गिरफ्तारी, मृत अधिवक्ताओं के परिजनों को 50-50 लाख रुपये दिए जाने, अधिवक्ताओं को सुरक्षा दिए जाने की मांग की। इस मौके पर महामंत्री अमर सिंह यादव, उपाध्यक्ष राम मनोरथ वर्मा, कोषाध्यक्ष बालेंद्र सिंह, नुरुल्लाह, अब्दुल जब्बार सहित भारी संख्या में अधिवक्ता रहे।

# राजधानी में प्रदर्शन के पहले जगह-जगह रोके गए कांग्रेसी

अयोध्या/मिल्कीपुर

**अमृत विचार:** लखनऊ में विधानसभा घेराव को लेकर जिले में कांग्रेसी तगह-जगह रोक दिए गए। उन्हें पुलिस की निगरानी में रहना पड़ा। नेताओं ने कहा कि उन्हें तब तक नहीं जाने दिया गया जब तक घेराव का समय समाप्त नहीं हो गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह को मारवाड़ी सदन निमंत्रण में जाने के दौरान पुलिस ने घेर लिया। कहा वह उनके साथ रहेंगे।

जिलाध्यक्ष ने कहा योगी सरकार लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाकर तानाशाही का परिचय दे रही है जिसका जवाब इस देश और प्रदेश की जनता देगी। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता शीतला पाठक को उनके घर में रोक दिया गया। देवकाली चौकी पुलिस की निगरानी में रहे। कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संजय तिवारी को अयोध्या पुलिस ने उनके आवास पर रोक दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष दिनेश शुक्ला, शैलेंद्र पांडे, शाहिद सहित कई अन्य कांग्रेस नेताओं को भी हाउस अरेस्ट कर दिया गया।



हाउस अरेस्ट कांग्रेस नेता संजय तिवारी।

# टीकाकरण अभियान का शुभारंभ कर परखीं सुविधाएं

सोहावल, अयोध्या।

**अमृत विचार :** खसरा-रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सीएचसी सोहावल के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय जगनपुर में लगाए गये कैंप पर एमआर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने किया।

सीएचसी प्रभारी डॉ. आकांक्षा वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत निर्धारित 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभिभावकों को टीकाकरण के लाभ बताते हुए अफवाहों से दूर रहकर बच्चों का टीकाकरण कराने की अपील की। कार्यक्रम में आशा वर्कर, एएनएम, विद्यालय के शिक्षक व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, महिला व पुरुष वार्ड, लेबर रूम, दवा वितरण काउंटर, स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर, साफ-सफाई व्यवस्था तथा मरीजों के बैठने की सुविधाओं का जायजा लिया। भर्ती मरीजों से संवाद कर उपचार, दवाइयों की उपलब्धता एवं स्टाफ के व्यवहार के संबंध में फीडबैक लिया। कुछ मरीजों ने सुविधाओं को संतोषजनक बताया, जबकि दवा वितरण काउंटर की खिड़की छोटी होने के कारण मरीजों की लंबी लाइन लगने की शिकायत सामने आई। इस मौके पर डॉ.पीसी भारती, डॉ. उमेश तिवारी, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. इकबाल, फार्मासिस्ट हरगोविंद सिंह, बीईएम वैशाली गुप्ता सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।




एमआर टीकाकरण अभियान कैंप पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मी से फीडबैक लेते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया।



विवाह के लिए आर्थिक मदद करते समाजसेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव।

### शादी के लिए की गरीब परिवार की आर्थिक मदद

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** समाजसेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने कुढ़ा केशव मजरे पुजारी का पुरवा के एक गरीब परिवार की बेटी के विवाह के लिए आर्थिक सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। संस्था विशेष रूप से गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समय-समय पर जनजागरूकता अभियान चलाने का कार्य करती है। बताया कि स्व. ओम प्रकाश यादव की धर्मपत्नी विपदा यादव की पुत्री के विवाह के लिए संस्था की ओर से आर्थिक मदद प्रदान की गई है। इस अवसर पर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्रा ने समाजसेवी सुरेश यादव के कार्यों की सराहना की।

# राष्ट्रीय दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम

तारुन, अयोध्या।

**अमृत विचार:** दो दिवसीय राष्ट्रीय कुश्ती दंगल का आयोजन सोमवार को टिकरी काली माता मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। उद्घाटन पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू ने किया। पहली कुश्ती सुदर्शन गोरखपुर व गोरख हरियाणा के मध्य हुई, जिसमें कांटे के मुकाबले के बीच बराबरी पर रही। दूसरी कुश्ती पवन यादव गोरखपुर पूर्वांचल केसरी ने अखाड़े में कड़े मुकाबले के बीच बुलंदशहर के रॉकी को पटकनी देकर अपना दबदबा बरकरार रखा। जम्मू के पहलवान भूरागनी ने शेरे पंजाब को पटकनी दी। हरिद्वार के मनसा पहलवान ने ग्वालियर मध्य प्रदेश के गब्बर पहलवान को अखाड़े में चारों खाने चित्त किया। हरिद्वार के राजा पहलवान ने मध्य प्रदेश के काला पहलवान को कैंची दाव से चित्त कर दिया। नेपाल के लकी थापा पहलवान ने राजस्थान के जल्लाद सिंह पहलवान को खपचड़ा दांव से पटकनी देकर जीत हासिल की।

हनुमानगढ़ी के रविदास पहलवान ने कुरुक्षेत्र हरिद्वार के पहलवान मोनू के छक्के छुड़ाकर अखाड़े में चित्त कर दिया। निर्णायक गुड्डू, उद्घोषक कालू पहलवान ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस मौके पर गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, दंगल आयोजक राकेश सिंह, सहयोगी ऋषिकेश सिंह, अनमोल सिंह, रामनरेश यादव, शिव प्रकाश आदि मौजूद रहे।



पहलवानों से हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ करते पूर्व विधायक बीकापुर जितेन्द्र सिंह बब्लू।

### उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मजबूती के लिए मंथन

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेशचंद्र शर्मा के निर्देश पर सोहावल विकास खण्ड की कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने सदस्यता रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर का अवलोकन करते हुए विसंगतियों को तत्काल सही करते हुए सदस्यता बढ़ाने का निर्देश दिया। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा और संचालन ब्लॉक मंत्री समीर सिंह ने किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह, ज्ञान स्वरूप सिंह, शैलेंद्र वर्मा, मंत्री समीर सिंह पंकज द्विवेदी, धर्मवीर चौहान सहित ब्लॉक कार्यकरिणी एवं ब्लॉक संघर्ष समिति के समस्त मौजूद रहे।



सोहावल विकास खंड कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी व महामंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच**

पत्र सं0– 2060 / रा0वि0आ0 पा0नि0 / नि0का0 / टेण्डर / 2025–26 दिनांक : 16 फरवरी, 2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं0–2059 / रा0वि0आ0 पा0नि0 / नि0का0 / टेण्डर / 2025–26 दिनांक 16 फरवरी, 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में निर्माण कार्यो हेतु नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो (जिनके हैसियत /चरित्र प्रमाण–पत्र निर्धारित सीमा के अन्दर के हो) को सूचित किया जाता है, कि रा0वि0आ0 / पा0नि0 के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो में से रु0 5.00 लाख से कम लागत के 26 निर्माण कार्यो हेतु जी0एस0टी0 रहित ऑफलाइन सीलबन्द निविदायें निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन दिनांक 06 मार्च, 2026 को अपरान्ह 03.30 बजे तक नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिशासी अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली भी जायेंगी। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 / सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनाँक 27 फरवरी 2026 को प्रात: 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेंगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध हैं।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बहराइच।

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बहराइच।

**बिजनेस प्लान**

**पॉवर कॉर्पोरेशन दो करोड़ से अधिक की लागत से करेगा काम**

# 700 ओवरलोड ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि, 300 गांव होंगे लाभान्वित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति को मजबूत बनाने की बड़ी पहल हो रही है। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत 700 ओवरलोडेड 16 केवीए ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाकर 25 केवीए करने का फैसला लिया गया है।

इस योजना से एक लाख से अधिक आबादी को लो-वोल्टेज तथा बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से राहत मिलेगी। बिजनेस प्लान के तहत करीब दो करोड़ की धनराशि खर्च होने का अनुमान है। सभी चार डिवीजन के अंतर्गत आने वाले 300 से अधिक गांव लाभांवित होंगे। इस बिजनेस प्लान 2025-26 के तहत अभी करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। हालांकि 50 करोड़ का आगणन अलग भेजा गया है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार लाइनमैन और अवर अभियंता ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की चिह्नित कर रहे हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद मार्च से ट्रांसफॉर्मर बदलने/क्षमता वृद्धि का काम शुरू होगा।

जिले में 45 हजार से अधिक ट्रांसफार्मर हैं, जिनमें आधे से ज्यादा ओवरलोड चल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे 16 केवीए ट्रांसफार्मर बढ़ते लोड के कारण फूंक जाते हैं, जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है। पिछले साल बड़े ट्रांसफार्मरों 100-400 केवीए की क्षमता बढ़ाई गई थी, अब छोटे ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इससे निर्बाध और बेहतर बिजली मिलेगी, ट्रांसफार्मर फेल होने की घटनाएं कम होंगी। मुख्य अभियंता बृजेश कुमार के अनुसार, यह कार्य जल्द शुरू होगा और ग्रामीणांचल में बिजली व्यवस्था को स्थिर बनाने में मदद करेगा।

- ट्रिपिंग से मिलेगी निजात, 16 केवीए की क्षमता बढ़ाकर की जाएगी 25 केवीए



### उपभोक्ताओं पर बिजली संकट का बोझ

**अयोध्या, अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा ट्रांसफॉर्मरों को ओवरलोड या फॉल्ट से बचाने के उद्देश्य से 100 केवीए से बड़े ट्रांसफॉर्मरों पर टर्न्लेस (टेल-लेस) यूनिट लगाई जा रही हैं। यह यूनिट फॉल्ट पर फ्यूज उड़ाकर आपूर्ति रोक देती है, लेकिन इससे फीडर स्तर पर बार-बार बिजली गुल हो रही है। नियावां, चौक, अमानीगंज सहित कई इलाकों के निवासी प्रतिदिन चार से छह घंटे तक बिजली कटौती झेल रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने विभाग से मांग की है कि टर्न्लेस यूनिट लगाने की प्रक्रिया को बेहतर प्लानिंग के साथ किया जाए ताकि अनावश्यक लंबी कटौतियां न हों। साथ ही, सूचना व्यवस्था को समयबद्ध और सटीक बनाने की आवश्यकता है।

# बनास डेयरी व कृषि विवि के बीच एमओयू

## गुजरात में कुलपति और डेयरी के अध्यक्ष ने किये हस्ताक्षर, कुलाधिपति भी रहीं मौजूद

कुमारगंज अयोध्या।

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एवं गुजरात के बनास डेयरी के बीच एमओयू हुआ। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं गुजरात विधान सभा व बनास डेयरी के अध्यक्ष शंकर चौधरी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। गुजरात में हुए इस एमओयू के मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं।



एमओयू के उपरांत मौजूद कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल व अन्य।

बनास डेयरी एशिया की सबसे बड़ी डेयरी है, जो विश्वविद्यालय और संस्थान के मध्य शिक्षा, शोध एवं प्रसार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभायेगी। इस एमओयू के होने से कृषि विवि के वैज्ञानिकों को डेयरी के क्षेत्र में विशेष जानकारियां प्राप्त होंगी जो वैज्ञानिक अपने प्रदेश के किसानों के साथ साझा कर सकेंगे। इससे किसानों की आय

- **वैज्ञानिकों को प्राप्त होंगी डेयरी के क्षेत्र में विशेष जानकारियां**

दोगुणी करने में भी मदद मिलेगी। वैज्ञानिक दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों, पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के नए तरीकों, गोबर से ऊर्जा उत्पादन, दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के नए तकनीकों को विकसित कर सकेंगे।

कृषि विश्वविद्यालय के साथ सहयोग करके नए अनुसंधान और विकास के अवसर भी मिलेगा। यही नहीं विवि के वैज्ञानिक भ्रूण के विकास के लिए उपयुक्त वातावरण, भ्रूण संरक्षण की तकनीक का उपयोग कर भ्रूण को सुरक्षित रखने की बारीकियों को भी परखेंगे। वैज्ञानिकों को भ्रूण पर अनुसंधान करने का भी मौका मिलेगा, जिससे पशुओं की गुणवत्ता में सुधार और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जा सके। अपने कार्यकाल के अंत में जाते-जाते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर बनास डेयरी से एमओयू किया जो आने वाले समय में विश्वविद्यालय परिवार के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा।





अवध विवि में सिंधी अध्ययन केंद्र में लिप्पन कला में प्रशिक्षित विधार्थी। अमृत विचार

## लिप्पन कला से दक्ष हुए विधार्थी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के अमर शहीद संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र चल रहे कौशल विकास कार्यशाला के पांचवें दिन लिप्पन कला के बारे में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। संयोजक प्रो . अनूप कुमार ने बताया कि लिप्पन कला का उद्भव गुजरात के कच्छ क्षेत्र में हुआ। जहां स्थानीय समुदायों ने मिट्टी और छोटे-छोटे दर्पणों ( मिरर वर्क) के माध्यम से अपने घरों की दीवारों को सजाने की परंपरा विकसित की। विषय विशेषज्ञ के रूप में विनिता ने लिप्पन कला पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने लिप्पन कला की तकनीक सीखी, बल्कि इसके सांस्कृतिक और व्यावसायिक महत्व को भी समझा। इस अवसर पर रत्नेश यादव, विनय शर्मा, प्रतीक रंजन तिवारी, योगेश अग्रवाल, अमन विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# विवि से सम्बद्ध 500 महाविद्यालयों के शिक्षक आन्दोलित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध 500 महाविद्यालयों के शिक्षक एक बड़े आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ और संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में यह संघर्ष जिला प्रशासन एवं ब्यूरोक्रेसी के दमनात्मक रवैये के खिलाफ चल रहा है। मुख्य मुद्दा अम्बेडकरनगर के बीएनकेबी महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान हुए औचक निरीक्षण से जुड़ा विवाद है, जहां उपजिलाधिकारी पर प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार एवं असंसदीय भाषा के प्रयोग का आरोप लगा है।

घटना के बाद प्राचार्य प्रो. सुचिता पाण्डेय और दो शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज की गई। शिक्षक संघ का कहना है कि यह कार्रवाई मनमानी है और विश्वविद्यालय



बीएनकेबी कालेज मामले को लेकर मनूचा पीजी कॉलेज में प्रदर्शन करते हुए शिक्षक।

### प्रदर्शन शुरू

की स्वायत्तता में हस्तक्षेप है। संघ ने अंबेडकरनगर जिलाधिकारी से वार्ता की और अयोध्या मंडलायुक्त से मिलकर एफआईआर वापस लेने तथा शिक्षक सम्मान बचाने की अपील की, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसी को लेकर सोमवार से अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या के महाविद्यालयों में तीन दिनों के लिए सभी संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्राचार्य काली पट्टी बांधकर प्रशासनिक भवन पर प्रदर्शन शुरु कर दिया है। संघ के अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी एवं महामंत्री प्रो. अमूल्य कुमार सिंह ने कहा कि यह लड़ाई शिक्षकों के हितों, सम्मान एवं विश्वविद्यालय की स्वायत्तता के लिए है। यदि मांगें नहीं मानी गईं तो सभी जिलों के शिक्षक परीक्षा, मूल्यांकन एवं अन्य कार्यों का बहिष्कार कर बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे।

## छह महिलाएं उच्च जोखिमपूर्ण गर्भधारण श्रेणी की मिलीं

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** सीएचसी बीकापुर में सोमवार को प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कुल 51 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। जांच के दौरान छह महिलाएं उच्च जोखिमपूर्ण गर्भधारण श्रेणी की मिलीं। डॉक्टर अंजली गुप्ता ने गर्भावस्था के दौरान एहतियात बरतने और संतुलित खानपान अपनाने की सलाह दी। बीसीपीएम दीपक तिवारी ने बताया कि हीमोग्लोबिन की कमी होने के चलते नौ गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में भर्ती करके खून की मात्रा बढ़ाने के लिए आयरन सुक्रोज का ड्राफ्ट चढ़ाया गया। महिलाओं की हीमोग्लोबिन, यूरिन एचआईवी, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य कई प्रकार की जांच भी की गई। पौष्टिक आहार केला और दूध का वितरण भी किया गया। मौके पर अस्पताल की स्टाफ नर्स अजितेश शुक्ला, संगीता, दीप्ति राजपूत, प्रिया वर्मा, आभा चौधरी आदि कर्मी मौजूद रहीं।



अयोध्या के वृद्धा आश्रम में भोजन कराकर सेवा करते फाउंडेशन के लोग।

## बुजुर्गों की सेवा कर लिया आशीर्वाद

**अयोध्या, अमृत विचार:** अयोध्या में बुजुर्गों की सेवा के लिए लीला हरि फाउंडेशन ने पहल की है। वृद्धावस्था आश्रम में भोजन की व्यवस्था करना शुरू किया है। बुजुर्ग महिला और पुरुषों को भोजन की स्पेशल थाली प्रदान की। अध्यक्ष लीला श्रीवास्तव का कहना है कि भगवान की पूजा से पहले अगर आप अपने बुजुर्गों की सेवा, बुजुर्गों को भोजन कराना सबसे बड़ी पूजा है। समाज में अपने पैरों पर खड़ा होने के बाद बच्चे बुजुर्ग मां बाप को अनाथ आश्रम में छोड़ देते हैं। इस समस्या को समाप्त किया जाना चाहिए। भोजन उपलब्ध कराने में संस्था के निहारिका, संदीप श्रीवास्तव, रेखा, सुप्रिया, मोनिका, हरिवंश, अभिषेक, मुन्ना भाई सहित अन्य लोग थे।

## विधानसभा के घेराव को जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव रामप्यारे यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता विधानसभा घेराव करने के उद्देश्य से लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान फूलपुर में पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। पुलिस द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर कुछ समय तक थाने में बैठाया गया, जिसके बाद उन्हें घर वापस भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई। घटना को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुलिस की कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है, जबकि प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है।



रामप्यारे यादव

# अराजक तत्वों ने आंबेडकर और बुद्ध प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर नोखा गांव में स्थापित भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने पर भारी आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रतिमा की मरम्मत कराई और ग्रामीणों को शांत कराया है।

बता दें कि अराजक तत्वों ने गांव में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया। सुबह जब ग्रामीणों की नजर प्रतिमा पर पड़ी तो उसका चश्मा टूटा हुआ पाया गया। इतना ही नहीं पास में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा को भी अराजकतत्वों ने क्षति पहुंचाई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया है। घटना की सूचना मिलते ही समिति से जुड़े सेवाराम, मुकेश, रामवृक्ष, दिलीप, रामशरण, राम विलास, सोनू समेत कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग किया। सम्मनपुर थाने की पुलिस ने तत्काल प्रतिमा की मरम्मत कराकर स्थिति को नियंत्रण में किया।

### जिम्मेदार बोले

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त प्रतिमा की मरम्मत करा दी गई है। वहीं मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अराजक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की नजर बनी हुई है और ग्रामीणों से संयम बनाए रखने की अपील की गई है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर बीती रात रमाबाई स्कूल के पास तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार का एक पैर कटकर घटनास्थल से दूर जा गिरा। मृतक की पहचान अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नौतरिया निवासी 40 वर्षीय राकेश के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर कोतवाल निवास पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद कार चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अनुपम शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने घटनास्थल का जायजा लिया। सीओ सदर नितीश तिवारी ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दीवानी न्यायालय परिसर में बम ब्लास्ट की धमकी

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** दीवानी न्यायालय परिसर में बम से ब्लास्ट की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन ने कैंपस को खाली कराकर चारों तरफ घेराबंदी करते हुए सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

सोमवार को आजमगढ़ की दीवानी न्यायालय कचहरी में बम से विस्फोट किए जाने की धमकी दी गई। सूचना मिलते ही जिले के एसएसपी डॉ. अनिल कुमार सहित पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। न्यायालय परिसर को तत्काल खाली कराया गया और न्यायालय के सभी प्रवेश और निकास द्वारों को बंद कर दिया गया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम ने एक-एक कोने की गहन जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों द्वारा आसपास के क्षेत्र में भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बम की सूचना से पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और तलाशी अभियान जारी रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने बताया कि एक मेल के जरिए दीवानी कचहरी परिसर में बम होने की सूचना मिली, इसके बाद तुरंत परिसर को खाली कराया गया और पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए पूरे परिसर की गहन पड़ताल की गई। मौके से कुछ बरामद नहीं हुआ है।

## सैकड़ों छात्राएं लखनऊ भ्रमण पर रवाना

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उप्र लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में जनपद के 04 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं को एक्सपोजर विजिट के लिए जनपद लखनऊ भेजा गया है। सोमवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा केजीबीवी कटेहरी, रामनगर, भियांव एवं जहांगीरगंज की छात्राओं को एक्सपोजर विजिट के लिए बसों को हरी-झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं के साथ-साथ वार्डन एवं शिक्षिकाएं, पीआरडी कर्मी भी लखनऊ गए हैं जो वहां पर तारामंडल, जनेश्वर मिश्र पार्क, चिड़ियाघर का विजिट कराएंगे। एक्सपोजर विजिट के प्रथम चरण में प्रत्येक कस्तूरबा विद्यालय से दो-दो बसों में कुल 400 छात्राओं को लखनऊ भेजा गया है। विजिट के दौरान छात्राओं को भोजन-जलपान की भी व्यवस्था की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल ने बताया कि महानिदेशक द्वारा प्राप्त निर्देश और जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में उक्त एक्सपोजर विजिट से छात्राओं को ज्ञानवर्धक स्थलों, शैक्षणिक स्थलों एवं धरोहरों का करीब से जानने का अवसर मिलेगा। इसी क्रम में द्वितीय चरण में अन्य 04 कस्तूरबा विद्यालयों का भी एक्सपोजर विजिट 17 फरवरी को कराया जाएगा।



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।

# माधवपुर गांव में प्रतिमाएं स्थापित

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** विकासखण्ड भियांव के माधवपुर गांव स्थित बाबा फलाहारी दास राम जानकी मंदिर परिसर में निषाद समाज के आराध्य निषाद राज गुहा, वीर एकलव्य तथा फूलन देवी की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत कबीर नगर के पूर्व सांसद डॉ. प्रवीण निषाद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चारण एवं वैदिक रीति-रिवाज के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से तीनों प्रतिमाओं का अनावरण कर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. प्रवीण निषाद ने कहा कि निषाद राज गुहा, एकलव्य और फूलन देवी केवल



समारोह में मौजूद संत कबीर नगर के पूर्व सांसद डॉ . प्रवीण निषाद व साथ में अन्य।

- **वीर एकलव्य, फूलन देवी और निषाद राज की मूर्तियों का हुआ अनावरण**

ऐतिहासिक या पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि निषाद समाज की आत्मा और प्रेरणा के स्रोत हैं। इन प्रतिमाओं की स्थापना से आने वाली पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, एकता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत माखनलाल निषाद ने की। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, प्रधान धर्मेंद्र निषाद, इंद्रवती निषाद, मेवालाल दास, त्रिभुवन नाथ, आशुतोष उपाध्याय, विकास निषाद समेत बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बसपा की नीतियों का करें प्रचार : विश्वनाथ

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के आलापुर विधानसभा क्षेत्र में बसपा की सेक्टर एवं बूथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। नगर पंचायत जहांगीरगंज की अध्यक्ष सुनीता देवी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि विश्वनाथ पाल ने कहा कि यह कोई जिला या विधानसभा स्तरीय जनसभा नहीं, बल्कि दो सेक्टर के पांच बूथों की समीक्षा बैठक थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति को संगठन के बूथ स्तर पर सशक्त होने का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि जिन बूथ एवं सेक्टर पदाधिकारियों का स्वागत किया गया है, उनकी जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है। उन्होंने पदाधिकारियों से गांव-गांव जाकर विधानसभा अध्यक्ष के सहयोग से जनता को बसपा की नीतियों और बसपा के कार्यकाल में लागू जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया।



बसपा की सेक्टर एवं बूथ समीक्षा बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि विश्वनाथ पाल।

### बैठक में यह भी रहे उपस्थित

बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में अयोध्या मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गौतम, अयोध्या मंडल प्रभारी सुनील कुमार सावंत, जिलाध्यक्ष छेदीराम मौर्य, जिला उपाध्यक्ष बलराम निषाद, विधानसभा अध्यक्ष जयप्रकाश मौर्य, विधानसभा पिछड़ा वर्ग भाईचारा कमेटी के रामचंद्र वर्मा, विधानसभा प्रभारी राजमणि गौतम, विधानसभा महासचिव राम कोमल भास्कर, जलालपुर विधानसभा अध्यक्ष मो . फैयाज अंसारी, विधानसभा उपाध्यक्ष विजेंद्र मिश्रा और अंश कुमार उपस्थित रहे। वरिष्ठ बसपा नेता गौरीश कुमार, राधेश्याम पाण्डेय, वंदना भारती, गुड्डू चौबे, भगवान सिंह और भोला सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## अख्तर जमाल बने विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री



**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** वरिष्ठ अधिवक्ता अख्तर जमाल अंसारी एडवोकेट को कांग्रेस पार्टी विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव बनाए जाने पर कांग्रेसियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। नगर के शहजादपुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता लम्बे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं और पूर्व में नगर पालिका परिषद अकबरपुर के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव भी लड़ चुके हैं। पार्टी में उनकी सक्रियता, कर्मठता और कर्तव्यपरायणता को देखते हुए उत्तर प्रदेश विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ अली जमा रिजवी की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नामित किया है। उनके मनोनयन पर स्थानीय पार्टी जनों ने हर्ष व्यक्त करने के साथ प्रदेश इकाई के प्रति आभार जताया है।

## अनुशासन और परिश्रम के साथ छात्राएं बढ़ें आगे

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर के कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में इब्ने अली जाफरी, गिरीश मिश्र, मोहम्मद राशिद अंसारी, नियाज तौहीद सिद्दीकी और गोपाल सोनकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नमरा मरियम, इसरा एरम एवं फातमा जहरा द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुई। तसमिया, युसरा और जिकरा ने वन्दे मातरम् गीत प्रस्तुत कर देशभक्ति का वातावरण बना दिया। अरीबा और सोनाक्षी ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर सभी को संवैधानिक मूल्यों की याद दिलाई। इज्जत ने मां पर आधारित भावपूर्ण गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। जय हो नृत्य की प्रतिभागी छात्राओं और अदीफा ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर शिक्षिका सलमा, नफीस जहरा, सुमन, सभासद साजिद, सभासद मेराज आलम, सभासद अब्दुर्रब सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ . मोहम्मद असद ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा छात्राओं को अतिथियों द्वारा बताए गए आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। समारोह के सफल आयोजन से विद्यालय परिवार में उत्साह का वातावरण रहा।



छात्राओं को सम्मानित करते प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ . मोहम्मद असद व अन्य।

## संसार का सबसे प्यारा शब्द है मां : नाजिम अली

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मां दुनिया का सबसे हसीन, दिलकश और आकर्षक शब्द है। जब मां शब्द में इस कदर कशिश है तो साक्षात मां में कितना प्रेम होगा, उसे मां शब्द से समझा जा सकता है। यह विचार मौलाना नाजिम अली खैराबादी ने इमामबाड़ा मीरानपुर में व्यक्त किया। वह अच्छे मौलवी की ओर से दिवंगत कनीज सकीना के पुण्य के लिए आयोजित मजलिस को संबोधित कर रहे थे। उनका यह कथन मां शब्द की आध्यात्मिक और भावनात्मक गहराई के साथ प्रेम, अपनत्व और करूणा के सर्वोच्च प्रतीक को रेखांकित करता है। मां शख्सियत बिना शर्त के त्याग और स्नेह से ओतप्रोत है।

**लिया जायजा** | जिलाधिकारी ने तहसील टांडा के विभिन्न पटलों व अनुभागों का किया निरीक्षण, जिम्मेदारों को दिए निर्देश

# अभियान चलाकर सरकारी भूमि को कराएं अतिक्रमण मुक्त

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने तहसील टांडा का निरीक्षण कर विभिन्न पटलों एवं अनुभागों की कार्यप्रणाली तथा शासन की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा किया।

जिलाधिकारी ने शासन के निर्देशों के क्रम में तहसील के आरके पटल, भूलेख अनुभाग, अभिलेखागार, नजारत अनुभाग, संग्रह अनुभाग, आपूर्ति अनुभाग आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति की जानकारी ली तथा कंप्यूटर कक्ष में खतौनी की नकल, स्वामित्व योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की। कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। राजस्व वसूली की समीक्षा में तहसील टांडा में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 81 प्रतिशत वसूली पूर्ण एवं संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने कृषक पट्टा, मत्स्य पट्टा, अंश निर्धारण, सार्वजनिक भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा धारा 67 के अनुपालन की स्थिति की भी समीक्षा किया। उन्होंने अभियान चलाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा अवशेष सभी तालाबों का नियमानुसार मत्स्य पट्टा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



टांडा तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व साथ में मौजूद अन्य।

### वादों की स्थिति की ली जानकारी

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संबंधी पत्रावलियों एवं कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रकरणों का अवलोकन किया तथा सभी आवेदनों का नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभिलेखागार में पत्रावलियों का रखरखाव संतोषजनक पाया गया। नजारत अनुभाग के निरीक्षण में विभिन्न रजिस्टर, डेड स्टॉक रजिस्टर एवं कर्मचारियों की सर्विस बुक आदि का परीक्षण किया। आईजीआरएस पोर्टल पर माह जनवरी में प्रदेश स्तर पर तहसील टांडा के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जिलाधिकारी ने सभी कार्मिकों की सराहना की तथा इसी प्रकार कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी ( न्यायिक) एवं उप जिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष का भी निरीक्षण कर वादों की स्थिति की जानकारी ली। तहसील परिसर में स्थित जर्जर पानी की टंकी को आगामी 10 दिनों में ध्वस्त कराने के लिए संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा एवं तहसीलदार टांडा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ताबड़तोड़ चोरियों से पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरियों की घटनाओं ने जलालपुर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नवागत कोतवाल अजय कुमार यादव के कार्यभार संभालते ही क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी से लोगों में दहशत का माहौल है। रविवार की रात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैथा में चोरों ने ग्राम प्रधान दिनेश चौधरी के प्राथमिक विद्यालय के बगल स्थित ट्यूबवेल से मोटर चोरी कर ली। वहीं प्राथमिक विद्यालय के स्टोर रूम में रखे हजारों रुपए के सामान पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इसी गांव में गुरु चरण वर्मा के ट्यूबवेल का ताला तोडक़र मोटर ले जाने का प्रयास किया गया। गांव निवासी रोशन लाल के खेत में लगे ट्यूबवेल की जंजीर तोड़ दिया गया। इसके अलावा साधु नामक ग्रामीण के घर में भूसे में रखी तीन बोरी गेहूं भी चोर उठा ले गए।

# वसूली में शिथिलता पर फंसे 20 अमीनों को नोटिस

## तहसील तरबगंज का डीएम ने किया निरीक्षण, वसूली बढ़ाने का निर्देश

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सोमवार को तहसील तरबगंज का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यों की गति, कार्यालयीन अनुशासन और आमजन को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों और वसूली की स्थिति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीएम ने उपजिलाधिकारी कोर्ट, भूलेख विभाग, कलेक्शन विभाग सहित अन्य कार्यालयों का विस्तृत निरीक्षण किया। समीक्षा में पाया गया कि कुछ



अभिलेखों की जांच करतीं डीएम।

विभागों में कार्यों की प्रगति अपेक्षित मानक के अनुरूप नहीं है। विशेष रूप से कलेक्शन विभाग में 20 अमीनों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अमीनों को नोटिस जारी करने और शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के आदेश दिए। डीएम ने तहसीलदार आशुतोष पांडेय को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर की साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव की भी समीक्षा की गई।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि सेवा प्रदान करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी तरबगंज विश्वामित्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबित न रखें आवेदन : सीडीओ

- पेंशन और छात्रवृत्ति आवेदनों में देरी पर जतायी नाराजगी

**गोंडा, अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा के दौरान पेंशन योजनाओं सहित अन्य योजनाओं में लंबित आवेदनों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लंबित आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार शत-प्रतिशत निस्तारण शीघ्र सुनिश्चित किया



योजनाओं की समीक्षा करतीं सीडीओ अंकिता जैन। ● अमृत विचार

जाए। उन्होंने अनावश्यक विलंब पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत इम्पैनलमेंट की कार्यवाही लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। छात्रवृत्ति योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कुछ आवेदन विद्यालय स्तर पर लंबित पाए जाने पर निर्देशित किया गया कि विशेष कैंप आयोजित कर अवशेष डाटा का निस्तारण जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जाए।

# लव जिहाद मामले में प्रबंधक समेत 4 गिरफ्तार

अमृत विचार Follow UP

- आठवीं की मान्यता पर चल रहा था इंटर कॉलेज

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार :** कौड़िया थाना क्षेत्र के सहरिया चौराहे पर संचालित केजीएन पब्लिक स्कूल में मतांतरण और लव जिहाद के आरोपों के बीच बड़ा खुलासा हुआ है।

सोमवार को शिक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त जांच में सामने आया कि विद्यालय की मान्यता केवल जूनियर स्तर (कक्षा आठ तक) की है, जबकि यहां अवैध रूप से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई कराई जा रही थी। लव जिहाद और मतांतरण मामले में पुलिस ने स्कूल




केजीएन पब्लिक स्कूल का भवन।

प्रबंधक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

बीईओ अंजनी कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर अभिलेखों की जांच की। जांच में पाया गया कि स्कूल प्रबंधन ने मान्यता की शर्तों का उल्लंघन करते हुए उच्च कक्षाएं संचालित कर रखी थीं। बीईओ ने प्रबंधन से मान्यता से संबंधित सभी दस्तावेज तलब करते हुए निर्देश दिया कि विद्यालय केवल स्वीकृत स्तर तक ही संचालित किया जाए। लव जिहाद और मतांतरण मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद दुबहा बाजार चौकी प्रभारी गोलू तिवारी सोमवार को पुलिस टीम के साथ पीड़ित छात्रा के घर पहुंचे और परिजनों के बयान दर्ज किए। पुलिस के अनुसार, स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चों का पंजीकरण रामापुर स्थित आरडीएम इंटर कॉलेज में कराकर उन्हें बोर्ड परीक्षा में शामिल कराया जाता था, जिससे अवैध संचालन की पोल खुली। विद्यालय पर आरोप है कि प्रबंधतंत्र और स्टाफ द्वारा छात्रों का ब्रेनवॉश कर मतांतरण के लिए प्रेरित किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार को ही स्कूल प्रबंधक वारिस खान समेत परवेज खान, सलाहुद्दीन हाफिज और इस्राइल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक कौड़िया तेज प्रताप सिंह ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। शिक्षा विभाग की रिपोर्ट और पीड़ित पक्ष के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# परसपुर नगर पंचायत में हटाया जाएगा अतिक्रमण

- परसपुर विकास मंच के पत्र पर डीएम ने दिया कार्रवाई का निर्देश

**गोंडा, अमृत विचार :** परसपुर नगर पंचायत क्षेत्र में सब्जी मंडी बनने के बावजूद सड़क पर लग रही अस्थायी सब्जी दुकानों और पटरियों पर अतिक्रमण के कारण लगातार जाम की समस्या को लेकर नागरिकों ने प्रशासन से शिकायत की है। मामले का संज्ञान लेते हुए प्रियंका निरंजन ने करनैलगंज की एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, अविनाश सिंह, हर्षित सिंह और केबी सिंह ने डीएम को ज्ञापन देकर बताया कि नगर पंचायत में सब्जी मंडी का निर्माण होने के बाद भी व्यापारी सड़क पर दुकानें लगा रहे हैं। पटरियों पर अतिक्रमण से स्थिति और गंभीर हो गई है। रोजाना जाम लगने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जाम के कारण एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा है। शादी-विवाह के सीजन में हालात और खराब हो जाते हैं। डीएम प्रियंका निरंजन ने इस पत्र का संज्ञान लेते हुए करनैलगंज एसडीएम को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# जलमग्न भूमि पर कब्जे की मुख्यमंत्री से शिकायत

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार:** तहसील करनैलगंज के पसका में जलमग्न भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। कमेश प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना-पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि ग्राम पसका, परगना खवरिया मे जलमग्न भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से पक्के मकान बना लिए गए हैं।

प्रार्थना-पत्र में कहा गया है कि भूमि तालाब की श्रेणी में दर्ज है और बरसात के पानी की निकासी का मुख्य स्रोत है। आरोप है कि गांव के ही मनीष , राहुल, अंकित गुप्त एवं रजिन्दर द्वारा वहां निर्माण करा लिया गया, जिससे तालाब में पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है। इसके कारण बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जलमग्न भूमि पर कब्जे से ग्रामसभा की संपत्ति को क्षति पहुंच रही है । उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कराकर अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए, ताकि बरसात का पानी सुचारु रूप से तालाब में पहुंच सके और गांव को जलभराव से राहत मिल सके। ग्रामीणों को अब प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार है।

# स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नारायनपुर मांझा स्थित एक ही परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र से चोरों ने हजारों का सामान पार कर दिया। चोरों ने विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र चतुर्थ के किचन सहित सभी कमरों के ताले तोड़ दिए। विद्यालय में लगा मोटर, मध्यान्ह भोजन बनाने के बर्तन व प्रिंटर चोरी कर लिया। आलमारी में रखे अभिलेखों को फाड़कर फेंक दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र से पंखा तथा राशन भी चोरी कर लिया। प्रधानाध्यापक बाबूलाल यादव व आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका स्मिता जायसवाल ने घटना की तहरीर कोतवाली में दे दी है।

# काली पट्टी बांध शिक्षकों ने जताया विरोध

- प्राचार्य पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि महाविद्यालय शिक्षक संघ (आक्टा) के आह्वान पर सोमवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने अम्बेडकर नगर प्रशासन की कार्यशैली पर रोष जताया।

शिक्षक संघ ने बीएनकेबी महाविद्यालय अकबरपुर की प्राचार्य प्रो. शुचिता पाण्डेय के विरुद्ध दर्ज एफआईआर को दुर्भावनापूर्ण करार दिया। अम्बेडकर नगर के एसडीएम सदर द्वारा नकल कराने के आरोप में उनके खिलाफ



प्रदर्शन करते शास्त्री महाविद्यालय के प्रोफेसर व अन्य। ● अमृत विचार

रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसका शिक्षक समुदाय ने विरोध किया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में प्राध्यापक शास्त्री प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीपी सिंह, आरबी सिंह बघेल, वीसीएचएनके श्रीनिवास राव, मंशाराम वर्मा, जयशंकर तिवारी, अरविंद शर्मा, असि. प्रो. पवन सिंह, डॉ. पुष्यमित्र मिश्र, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. रवि प्रकाश ओझा, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. बैजनाथ पाल, अच्युत शुक्ल, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. ममता शुक्ला मौजूद रहे। शिक्षक संघ ने दर्ज एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा का काउंटडाउन शुरू

**गोंडा, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा को लेकर काउंटडाउन शुरू हो गया है। जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। केंद्र व्यवस्थापक सोमवार को परीक्षार्थियों के लिए सिटिंग प्लान तैयार करने में जुटे रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है।

परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी सक्रिय है। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केंद्रों की सूची

### सिटिंग प्लान तैयार

तैयार कर ली गई है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में इस बार 97340 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में हाईस्कूल के 50375 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में 154 छात्र छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया है। इसी तरह इंटरमीडिएट में 45618 संस्थागत व 1193 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। इन परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कुल 151 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा को नकल मुक्त बनाने के लिए जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जा चुके हैं। 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही परीक्षा के लिए सोमवार को परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक सिटिंग प्लान तैयार करने में जुटे रहे। एक कक्ष में निर्धारित संख्या से अधिक परीक्षार्थी न बैठें, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचंद्र ने बताया कि परीक्षा से पूर्व केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, समय से वितरण तथा उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित संकलन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# कोटेदारों को दिया गया प्रशिक्षण

**गोंडा, अमृत विचार :** खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से संचालित आधार-सक्षम सार्वजनिक वितरण प्रणाली 'स्मार्ट पीडीएस' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनपद में कोटेदारों का प्रशिक्षण दिया गया । योजना को पूर्ण रूप से लागू करने से पूर्व ट्रायल मोड में संचालित किया जा रहा है, ताकि तकनीकी व व्यवहारिक कमियों को पहले ही चिन्हित कर दूर किया जा सके। जिला इंजीनियर शिवम शुक्ला के निर्देशन में उचित दर विक्रेताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रत्येक दुकान पर पांच-पांच डेमो ट्रांजैक्शन कराए गए। पीओएस मशीन संचालन, बायोमेट्रिक सत्यापन, लाभार्थियों की



कोटेदारों को जानकारी देते इंजीनियर।

आधार आधारित पहचान, ऑनलाइन डेटा अपलोडिंग तथा डिजिटल रसीद जारी करने की प्रक्रिया का व्यवहारिक अभ्यास कराया गया। बताया कि डेमो लेन-देन के माध्यम से नेटवर्क की स्थिति, मशीन की दक्षता और वितरण प्रणाली की पारदर्शिता की जांच की जा रही है। जिला इंजीनियर ने कहा कि स्मार्ट पीडीएस प्रणाली सार्वजनिक वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। ट्रायल चरण में ब्लॉक स्तर की इंजीनियरिंग टीम भी सक्रिय रूप से कोटेदारों को तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग और डिजिटल प्रमाणीकरण से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। साथ ही लाभार्थियों को समय पर और सही मात्रा में राशन उपलब्ध कराने में आसानी होगी।

**मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद**

अपर आयुक्त ने की मंडलायुक्त कार्यालय में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता

# महिला जनसुनवाई में उठे पेंशन, पुलिस और वरासत के मुद्दे

**गोंडा, अमृत विचार:** मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मंडलायुक्त कार्यालय में विशेष महिला जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई की अध्यक्षता अपर आयुक्त (न्यायिक) देवीपाटन मंडल मीनू राणा ने की। इस दौरान 11 महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत, पारिवारिक, राजस्व एवं अन्य प्रशासनिक समस्याएं प्रस्तुत कीं।

जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, भूमि एवं वरासत से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही दिक्कतें, पेंशन, पुलिस कार्यवाही तथा अन्य प्रशासनिक समस्याएं प्रमुख रहीं। अपर आयुक्त न्यायिक ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही तथ्य तलब किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाओं



शक्ति संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की शिकायतें सुनतीं अपर आयुक्त मीनू राणा। ● अमृत विचार

की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं संवेदनशील समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना उमरीबेगमगंज क्षेत्र के मधईपुर गांव की निवासी केशपती देवी ने आरोप लगाया कि 8 फरवरी को उनके पुत्र विष्णु के साथ गांव के कुछ लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। 112 पर सूचना देने और थाने जाने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज न किए जाने की शिकायत की गई। पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण हो चुका है तथा घटना का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एक अन्य प्रकरण में विधवा राखी देवी ने पति स्व. हरिकान्त बावरा की मृत्यु के बाद द्वितीय पारिवारिक पेंशन न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। वर्ष 2020 से औपचारिकताएं पूर्ण होने के बावजूद पत्रावली लंबित बताई गई। अपर आयुक्त ने शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों को प्रकरण का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा पारिवारिक प्रमाण पत्र से जुड़े मामले में भी राजस्व विभाग को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के उपरांत मीनू राणा ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों की शीघ्र जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि महिलाओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# किशोरी के साथ छेड़छाड़, केस दर्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ घर के पास स्थित एक बगीचे में पडोस के ही एक युवक ने छेड़छाड़ की।

तहरीर के अनुसार, घटना के बाद किशोरी रोते हुए घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। जब परिवार के लोगों ने आरोपी से इस संबंध में बात की तो उसने जान से मारने की धमकी दी। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलदीप मिश्रा सम्मानित



कंपनी की ओर से सम्मान प्राप्त करते कुलदीप मिश्रा। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** बेलसर ब्लॉक की लौव्वा टेपरा ग्राम पंचायत निवासी कुलदीप मिश्रा को उर्वरक आपूर्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की वार्षिक बैठक में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के प्रबंध निदेशक एस. बी. मोहंती, स्टेट हेड अरुणी कुमार, मार्केटिंग हेड धीरज मिश्रा तथा एरिया मैनेजर अरू पुनिया ने संयुक्त रूप से उन्हें 'बेस्ट अचीवर अवार्ड' प्रदान किया। कुलदीप मिश्रा ने वर्ष भर किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास रहा है कि क्षेत्र के किसानों को किसी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े और उन्हें उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो। उनकी कार्यशैली और समर्पण के चलते क्षेत्र में उर्वरक वितरण व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। कुलदीप ने इस सम्मान का श्रेय किसानों के विश्वास और कंपनी के मार्गदर्शन को दिया है।

## रामचरितमानस पाठ व भंडारा आयोजित



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** बलवंत पुरवा बड़गांव में महाशिवरात्रि पर धार्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रामचरितमानस के अखंड पाठ से हुई। रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति के उपरांत विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम सक्रिय रही, जिन्होंने श्रद्धालुओं प्रसाद वितरित किया। आयोजन समाजसेवी लालजी तिवारी व जन सहयोग से किया गया। इस दौरान गुल्लू सरदार, रमेश यादव , शिवानंद शर्मा, संतोष यादव, राजा तिवारी, सत्यम तिवारी, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## खाटू श्याम महोत्सव पर निकली निशान शोभायात्रा



निशान शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** भैरवनाथ मंदिर परिसर स्थित बालकृष्ण ग्राउंड में आयोजित श्री खाटू श्याम महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को निशान शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा सकरौरा बड़ा शिवाला से प्रारंभ होकर सिकरौरा चौराहा, मौर्यनगर चौराहा, कसगरान मोहल्ला, बालूगंज, चौक घंटाघर, स्टेशन रोड व सर्वामाई स्थान से होते हुए बालकृष्ण ग्राउंड पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। शाम को यात्रा समापन के बाद बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। आयोजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। यात्रा में सांसद करण भूषण शरण सिंह, कुंवर कमलेन मोहन सिंह, त्रिलोकी सिंह चौहान, अशोक सिंघानिया, पुनीत सिंह, संतोष पाण्डेय, परविंदर सिंह, मुकेश खेतान, लकी खेतान, रजत खेतान, अंकित सिंघानिया, पुनीत यादव, नंदकुमार, आशीष सोनी, अनूप जायसवाल, मोहित सोनी, नागेश गुप्त, शुभम मौर्य, अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## खत्म किया जाएगा तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार: रविचंद्र



बैठक में मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** सोमवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारी कक्ष में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी , पदाधिकारी, सदस्य की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। इसमें नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ,पदाधिकारी को एल्डर कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने बधाई देकर औपचारिक घोषणा की। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी ने कहा कि सबसे पहले तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा। नवनिर्वाचित महामंत्री सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वप्रिय होगा। एल्डर कमेटी के पदाधिकारिओं ने सभी विजयी पदाधिकारियों को मला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। बैठक में कोषाध्यक्ष श्री भगवान पांडे वरिष्ठतम उपाध्यक्ष विनय कुमार तिवारी, संयुक्त मंत्री अतुल कुमार दूबे, आदित्य कुमार तिवारी, बृजेश कुमार पांडेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद दूवेदी, रजनी त्रिपाठी, और कनिष्ठ उपाध्यक्ष शुभम चौबे, उमेश प्रताप मिश्रा, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अभयंकार सिंह, प्रभात पाण्डेय, मनोज कुमार पाण्डेय, रवि प्रताप शुक्ला, राम सनेही सोनकर, सचिन कुमार श्रीवास्तव और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अरुण कुमार शुक्ला, उदभव श्रीवास्तव, गिरधारी प्रजापति, जीतेश कुमार भट्ट, प्रफुल्ल कुमार पाण्डेय, ऋषि पाण्डेय मौजूद रहे।

## मंडलीय बाल उत्सव प्रगति 2.0 का आयोजन आज

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन मण्डल में बच्चों के आत्मविश्वास, स्वाभिमान और सफलता की कहानियों को मंच देने के उद्देश्य से एक दिवसीय मण्डलीय बाल उत्सव प्रगति स्वाभिमान और सफलता की ओर 2 .0 का आयोजन मंगलवार को पन्तनगर स्थित प्रकाश मैरिज हॉल में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डलायुक्त, देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील करेंगे। बाल उत्सव का मुख्य उद्देश्य जनपदों में संचालित सेल्फ एस्टीम एवं मीना मंच कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चों को अपने सपनों और आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। साथ ही उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों और सफलता से जुड़े प्रयासों को साझा करने का मंच उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम को पूरी तरह इंटरैक्टिव गतिविधियों पर आधारित रखा गया है, जिससे बच्चों की सहभागिता प्रभावी, रचनात्मक और प्रेरक बन सके। मंडलीय बाल उत्सव में देवीपाटन मण्डल के अंतर्गत सभी जनपदों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा तथा प्रत्येक जनपद से चयनित 10-10 विद्यार्थी अपने विद्यालय के एक शिक्षक के साथ प्रतिभाग करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जनपद से दो-दो अभिभावकों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की गई है, जिससे अभिभावक-विद्यालय समन्वय को भी बल मिल सके। कार्यक्रम में मंडल मुख्यालय जनपद से 50 छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। साथ ही शिक्षा, नौकरी या जीवन के अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली मीना मंच एलुमनाई की पांच सफल महिलाएं अपने प्रेरक अनुभव साझा करेंगी।

**न्यूज ब्रीफ**

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरी

**इटियाथोक, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय नारे महरीपुर में बीती रात चोर बर्तन, खाद्यान्न व खेल सामग्री चुरा ले गये। घटना की सूचना सहायक अध्यापिका ने खंड शिक्षा अधिकारी व पीआरवी को दी। उच्च प्राथमिक विद्यालय नारे महरीपुर की सहायक अध्यापिका सावित्री ने बताया कि अज्ञात चोरों ने रसोई घर की खिड़की का सरिया काटने का प्रयास किया। इसके बाद चोर रोशनदान के सहारे रसोईघर में आकर दस किलोग्राम चावल, बर्तन व खेल सामग्री चुरा ले गये। चोरी की सूचना बीईओ गीतांजलि को दी गई है।

### संकुल शिक्षकों की बैठक आज

**रुपईडीह, अमृत विचार :** न्याय पंचायत रुपईडीह के संकुल शिक्षक शिक्षिकाओ की बैठक 17 फरवरी को प्राथमिक विद्यालय हरभजन पुरवा में आयोजित की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि इस बैठक के लिए निर्धारित तिथि से संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र व अनुदेशकों को अवगत करा दिया गया है।

### सात किसानों को केसीसी का मिला लाभ

**रुपईडीह, अमृत विचार :** पिछले एक सप्ताह में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर ने सात किसानों को मिलाकर 20 लाख रुपए का ऋण वितरित किया गया। शाखा प्रबंधक विनोद कुमार यादव ने बताया कि योजना के तहत प्राप्त अन्य पत्रावलियों की जाँच सहायक प्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा की जा रही है।

### शिव नाम जप संकीर्तन की पूर्णाहुति

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सीएचसी परिसर स्थित शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर रविवार को 24 घंटे का शिव नाम जप कीर्तन का आयोजन किया गया। पूर्णाहुति सोमवार को हुई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक राम मोहन सिंह, थाना अध्यक्ष अभय सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र सिंह, डा देवेन्द्र सिंह, डॉ अनूप तिवारी, डा अनुपम सिंह, जय हिन्द मौर्या, अनिल शर्मा, हरिओम शुक्ला, डा विनियेश त्रिपाठी, प्रवीन कुमार आदि थे।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर साइबर स्लेवरी कराने वाले दो शातिर गिरफ्तार

## अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा, लाओस में करवाते थे ठगी

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार :** विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का लालच देकर युवकों को साइबर स्लेवरी (साइबर गुलामी) में धकेलने वाले एक सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दो शातिर अनधिकृत एजेंटों को गिरफ्तार किया गया है, जो युवाओं को थाईलैंड भेजने के बाद अवैध रूप से लाओस पहुंचाकर साइबर ठगी के अड्डों पर बेच देते थे।



गिरफ्तार साइबर अपराधियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

गिरफ्तार आरोपियों में फैजान रजा निवासी ग्राम अमहवा, थाना बखिरा, संतकबीरनगर तथा राम प्रवेश सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट कुसरना, थाना केराकत जौनपुर शामिल हैं। राम प्रवेश सिंह वर्तमान में समतानगर कांदिवली, मुंबई (महाराष्ट्र) में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनल के माध्यम से थाईलैंड में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी का विज्ञापन करते थे और 60 हजार रुपये मासिक वेतन का झांसा देते थे। नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों से धनराशि और जरूरी दस्तावेज लिए जाते, फिर उन्हें मुंबई के रास्ते थाईलैंड भेजा जाता। वहां से गोल्डन ट्रायंगल मार्ग के जरिए अवैध रूप से लाओस पहुंचाकर उन्हें स्कैम कंपाउंड में बंधक बना लिया जाता था।

लाओस में पीड़ित युवकों से जबरन ऑनलाइन निवेश और चैटिंग के जरिए साइबर ठगी कराई जाती थी। जांच में सामने आया है कि पीड़ितों को प्रति व्यक्ति लगभग ढाई लाख रुपये में साइबर ठगी गिरोह को बेच दिया जाता था। इस नेटवर्क में फैजान रजा भर्ती और इंटरव्यू की भूमिका निभाता था, जबकि राम प्रवेश सिंह लाओस में युवकों को रिसीव कर आगे सौंपने का काम करता था।

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ में गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि विदेश में नौकरी के नाम पर किसी भी अनधिकृत एजेंट के झांसे में न आएं और पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही कोई कदम उठाएं।

## एप से पारदर्शी होगी खाद वितरण व्यवस्था

**बलरामपुर, अमृत विचार :** किसानों को उर्वरक के लिए भटकना न पड़े इसके लिए सहकारिता विभाग बी-पैक्स सहकारी समितियों में खाद वितरण की नई डिजिटल व्यवस्था लागू करने जा रहा है। विभाग की ओर से एक विशेष साफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है जिसके जरिए खरीफ अभियान 2026-27 से उर्वरक का वितरण किया जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत समिति के सदस्य किसानों का पूरा विवरण एप में दर्ज रहेगा। किसानों को उनकी जोत (रकबा) के आधार पर आवश्यकता अनुसार रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। इससे अपात्र लोगों को खाद मिलने पर रोक लगेगी और पात्र किसानों को समय से आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

सहायक निबंधक सहकारिता रवि शंकर चौधरी ने बताया कि जो किसान अभी तक बी-पैक्स सहकारी समिति के सदस्य नहीं बन पाए हैं वे 30 अप्रैल तक अपनी संबंधित समिति में सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सदस्य बनने के बाद ही किसान डिजिटल एप के माध्यम से खाद प्राप्त कर सकेंगे।

### 150 किसान प्रयागराज-लखनऊ रवाना



कृषकों के दल को प्रशिक्षण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की पहल के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से 150 कृषकों का दल अंतरजनपदीय प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर दल को विदा किया और किसानों से प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि बदलते दौर में पारंपरिक खेती के साथ-साथ नवीन तकनीकों को अपनाना समय की मांग है। उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक प्रयोग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से न केवल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, बल्कि लागत में कमी लाकर आय भी दोगुनी की जा सकती है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 86 किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र, प्रयागराज तथा 64 किसानों को गन्ना शोध संस्थान, लखनऊ भेजा गया है। यहां विशेषज्ञों द्वारा उन्नत फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, मूल्य संवर्धन, आधुनिक कृषि उपकरणों के प्रयोग और नवीन शोध पर आधारित तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में व्यवहारिक प्रदर्शन और संवाद सत्र भी आयोजित होंगे, जिससे किसान सीधे तौर पर तकनीकों को समझ सकें। कार्यक्रम में महिला कृषकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। कृषि क्षेत्र में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में उन्हें आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से किसानों में नवाचार की सोच विकसित होगी और जिले में आधुनिक खेती को नई गति मिलेगी।

### चौरसिया समाज का वार्षिकोत्सव 15 मार्च को

**बलरामपुर, अमृत विचार :** चौरसिया समाज बलरामपुर का वार्षिकोत्सव 15 मार्च (रविवार) को रामलीला मैदान में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. बी. आर. चौरसिया ने राम-जानकी मंदिर में हुई समाज की मासिक बैठक में महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए दीं। समाज के संरक्षक गुरूराम चौरसिया ने बताया कि इस वर्ष के उत्सव में समाज के पुरोधा एवं गरीबों के मसीहा रहे बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की जयंती भी मनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष गणेश चौरसिया ने कहा कि बाबू जी का जन्म 13 मार्च 1903 को हुआ था, लेकिन सामाजिक सुविधा को देखते हुए कार्यक्रम 15 मार्च को रखा गया है। महामंत्री हरिप्रसाद चौरसिया ने बताया कि उत्सव में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। कोषाध्यक्ष अनिल चौरसिया ने कहा कि आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और समाज के अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## लक्ष्य के अनुरूप पौध उत्पादन करने के निर्देश

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राजकीय पौधशाला तिलकपुर का उपनिदेशक उद्यान, देवीपाटन मंडल, गीता त्रिवेदी ने निरीक्षण कर पौध उत्पादन एवं व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने परिसर में फैले खरपतवार की तत्काल सफाई कराने और पौधरोपण के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पौधे तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आम, अमरूद, लीची, नींबू और अनार के पौधों की स्थिति का जायजा लिया गया। समीक्षा में पाया गया कि दो लाख पौध तैयार करने के लक्ष्य के सापेक्ष लगभग 1.29 लाख पौधे तैयार हो चुके हैं। प्रभारी ने बताया कि शेष लक्ष्य को पूरा करने के लिए आंवला, जामुन सहित अन्य प्रजातियों की बोआई कराई जा रही है, जबकि सहजन की बोआई अप्रैल-मई माह में प्रस्तावित है।

उपनिदेशक ने पौधशाला परिसर में स्थापित हाईटेक नर्सरी का भी निरीक्षण किया, जहां टमाटर, बैंगन, मिर्च, शिमला मिर्च, पत्तागोभी, खीरा, लौकी, तरोई, करेला, कद्दू, तरबूज, खरबूजा और पपीता के पौधों का उत्पादन किया जा रहा है। इनमें से अब तक 2,530 पौधों की बिक्री हो चुकी है। उन्होंने नर्सरी की साफ-सफाई और प्रबंधन को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी सिद्धार्थनगर बिमलकांत तथा वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक रवि प्रकाश त्रिपाठी मौजूद रहे।

## सकारात्मक सोच रखें विद्यार्थी

**बोर्ड परीक्षार्थियों को टिप्स**

**उतरौला बलरामपुर**

**अमृत विचार :** आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर क्षेत्र में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के बीच जहां उत्साह है, वहीं हल्की चिंता भी देखने को मिल रही है। ऐसे समय में अधीक्षक डॉ. चन्द्र प्रकाश सिंह और पूर्व प्रधानाचार्य मुजीबुल हसन खान ने परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण टिप्स दिए और मानसिक रूप से मजबूत रहने की सलाह दी।



मुजीबुल हसन।



डॉ. चंद्र प्रकाश।

पूर्व प्रधानाचार्य मुजीबुल हसन खान ने कहा कि परीक्षा नजदीक आते ही कई विद्यार्थी अनावश्यक दबाव ले लेते हैं, जिससे वे मानसिक तनाव का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता का पहला सूत्र है—मन को शांत और संतुलित रखना। घबराहट में पूरी किताब को बार-बार पढ़ने के बजाय महत्वपूर्ण बिंदुओं का संक्षिप्त पुनरावलोकन करें और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश करें। सामान्य दिमाग और आत्मविश्वास ही अच्छे परिणाम की कुंजी है।

वहीं अधीक्षक डॉ. चन्द्र प्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अधिकांश छात्र परीक्षा से एक रात पहले तनाव के कारण ठीक से सो नहीं पाते, जिससे उनकी एकाग्रता और लेखन क्षमता प्रभावित होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि परीक्षा से एक दिन पूर्व हल्का और सुपाच्य भोजन करें, समय से सोएं तथा कम से कम 6 से 8 घंटे की नींद अवश्य लें।

उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा को बोझ न समझें, बल्कि इसे अपनी तैयारी और ज्ञान को परखने का अवसर मानें। नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और संयमित दिनचर्या से कोई भी छात्र बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।

दोनों लोगों ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक अपेक्षाओं का दबाव न बनाएं, बल्कि सकारात्मक माहौल देकर उनका मनोबल बढ़ाएं। उनका मानना है कि शांत वातावरण, संतुलित दिनचर्या और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल होने वाला विद्यार्थी निश्चित रूप से सफलता की ओर अग्रसर होता है।

### 165 हज यात्री जाएंगे मक्का-मदीना



टीकाकरण कैंप में मौजूद हज यात्री। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** इस वर्ष जिले से 165 लोग हज यात्रा पर मक्का-मदीना जाएंगे। हज यात्रियों के लिए सोमवार को नगर स्थित जामिया अरबिया अनवारुल कुरान अरबी डिग्री कॉलेज में अंतिम प्रशिक्षण व टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने तीनों तहसीलों में शिविर लगाकर टीकाकरण कराया, जबकि अंतिम कैंप में 65 यात्रियों को टीके लगाए गए। उत्तर प्रदेश हज कमेटी के नामित हज ट्रेनर मास्टर रियाज अहमद ने यात्रियों को यात्रा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक यात्री दो-दो 20 किलोग्राम के लगेज बैग और 7 किलोग्राम का हैंडबैग साथ ले जा सकता है। सऊदी अरब पहुंचने के बाद सरकार द्वारा जारी 'नुसुक कार्ड' हर समय गले में रखना अनिवार्य होगा, क्योंकि बिना कार्ड होटल से बाहर निकलने पर कार्रवाई हो सकती है। उलेमाओं ने हज की रकम जायज कमाई से होने और इबादत के दौरान पूर्ण समर्पण की नसीहत दी। अंत में यात्रियों को निःशुल्क हज गाइड बुक वितरित की गई।

## 100 केंद्रों पर होगी गेहूं की खरीद

**गोंडा, अमृत विचार:** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूं खरीद को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार मार्च माह से खरीद प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने की संभावना है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने संबंधित खरीद एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त लिया गया था जिसके अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी को सूची भेजी गई थी गेहूं खरीदने के लिए जनपद में सौ क्रय केंद्रो का अनुमोदन मिला है।

**मिला अनुमोदन**

जिले में कुल छह एजेंसियों के माध्यम से 100 गेहूं क्रय केंद्र संचालित करने का प्रस्ताव मिला है। इनमें मंडी समिति के 12, प्रादेशिक सहकारी संघ (पीसीएफ) के 19, प्रादेशिक उपभोक्ता सहकारी संघ (पीसीयू) के 42, उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी संघ (यूपीएसएस) के 22, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के 3 तथा अन्य एजेंसियों के 2 केंद्र शामिल हैं। खरीद व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के लिए अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर क्रय केंद्रों पर तौल, बारदाना उपलब्धता, भंडारण, गुणवत्ता परीक्षण और समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। प्रशासन का लक्ष्य है कि किसानों को केंद्रों पर किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मूल्य समर्थन योजना के तहत इस वर्ष गेहूं 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो सके। अनुमोदन मिलने के बाद गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारी प्रस्तावित केंद्रो का मौके पर पहुंच कर सत्यापन कर रहे हैं। केंद्र निर्धारण पर विशेष नजर रखी जा रही है ऐसे ही स्थान का चयन किया गया है जहां से किसानों के वाहन आसानी से पहुंच सके। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एन.के. पाठक ने बताया कि केंद्र ऐसे स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे, जहां किसानों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सुगम पहुंच हो। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे समय रहते पंजीकरण कराकर आवश्यक अभिलेख पूर्ण रखें, ताकि खरीद के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए। प्रशासन ने सभी एजेंसियों को समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

## जहां तैयार होनी थी नर्सरी, वहां सज रही शराबियों की महफिलें

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** कटी तिराहे के पास वन विभाग की नर्सरी, जहां कभी हरियाली तस्वीर नजर आती थी, आज अव्यवस्था और लापरवाही का उदाहरण बनती जा रही है। करीब दो हेक्टेयर में फैले इस क्षेत्र में वृक्षों की पौध तैयार की जाती है, लेकिन वर्तमान हालात यह हैं कि यहां पौधों से ज्यादा शराब की बोतलें और प्लास्टिक कचरा दिखाई दे रहा है। दिन चढ़ने के साथ यहां अलग-अलग स्थानों पर महफिलें सजती हैं।पूरा हरित क्षेत्र प्लास्टिक के गिलास, नमकीन के खाली पैकेट, शराब की पाउच और कांच की बोतलों से पटा पड़ा है। वन दरोगा कमल सिंह ने बताया कि नर्सरी पूर्ण रूप से संरक्षित क्षेत्र है। यहां शराब पीना और कचरा फैलाना नियमों के विरुद्ध है। मामले की जांच कराई जायेगी।





स्काउट गाइड रैली में प्रतिभाग करते परिषदीय विद्यालयों के बच्चे। ● अमृत विचार

### स्काउट-गाइड रैली में बच्चों ने दिखाया अनुशासन

**बलरामपुर अमृत विचार :** पाठ्यक्रम के तहत बच्चों में कौशल, नेतृत्व और अनुशासन विकसित करने के उद्देश्य से परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय जनपद स्तरीय स्काउट-गाइड रैली का आयोजन पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय शहजौरा रेहरा बाजार में किया गया। रैली का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंकज सिंह चौहान ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्येंद्र कुमार वर्मा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की नोडल जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारी रेहरा बाजार के पास रही। रैली की शुरुआत मार्च पास्ट और ध्वजारोहण से हुई। मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट की सलामी ली। जनपद भर से 30 टीमों के 444 कब, बुलबुल, स्काउट और गाइड प्रतिभागियों ने कौशल का प्रदर्शन किया। जिला स्काउट मास्टर महमूद उल हक ने बताया कि सायंकालीन सत्र में कैंप फायर और सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी, जबकि दूसरे दिन टेंट निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा और बिना बर्तन भोजन जैसी प्रतियोगिताएं होंगी।

### शिक्षक शिवराम को डॉक्टरेट की मानद उपाधि





डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त करते शिवराम गुप्ता। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** हरिहरगंज बाजार निवासी और जवाहर नवोदय विद्यालय में कार्यरत योग शिक्षक शिवराम गुप्ता को योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट (मानद) उपाधि से सम्मानित किया गया। साधारण परिवार से आने वाले शिवराम गुप्ता पिछले दस वर्षों से योग साधना और जनजागरूकता के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। वे एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। इसके साथ ही 1051 बार लगातार सूर्य नमस्कार कर 'सूर्यपुत्र टाइटल अवार्ड' और राष्ट्रीय योग वीर सम्मान जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं। योग के साथ-साथ वृहद पौधरोपण जैसे सामाजिक कार्यों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। शनिवार को फरीदाबाद में आयोजित समारोह में मैजिक बुक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर उनके पिता अतवारी लाल गुप्ता, माता संतोष कुमारी, विद्यालय की प्राचार्या गीता मिश्रा तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं में हर्ष और गौरव का वातावरण है।

**आस्था**

**जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों के सदस्यों द्वारा द्वारा पुष्प वर्षा कर बारात का किया गया स्वागत**

# बम-बम भोले के उद्घोष के साथ भक्तों ने निकाली शिव बारात

**संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर जनपद भर में भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शिव भक्तों ने बारात में भाग लिया। डीजे व पारंपरिक बैंड-बाजों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते आगे बढ़ते रहे। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा।

महाशिवरात्रि पर्व पर नगर के गोलागंज स्थित तिवारी बाबा मंदिर से शिव बारात डीजे व ढोल मंजीरे संग निकली। भगवान भोलेनाथ दूल्हा बने जबकि भगवान ब्रह्मा व विष्णु सुर-असुर भूत पिशाच प्रेत आदि के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर पहुंचे। जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। यहां देवाधिदेव महादेव व मां पार्वती की भव्य जयमाला गंगा आरती संग सम्पन्न हुई। इसके बाद फिर से बारात लौटकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची।



करनैलगंज में निकली शिव बारात में भगवान शिव के रूप में कलाकार। ● अमृत विचार

शिवविवाह के अवसर पर प्रेम पकड़िया पर भंडारे का आयोजन किया गया। बारात में महामंत्री अभिषेक गुप्ता, अंकुर गर्ग समेत अन्य भोलेभक्तों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। तरबगंज में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ व मां पार्वती के विवाह का आयोजन किया गया। मंदिर संरक्षक राजाबक्स सिंह ने बारातियों का स्वागत किया। आयोजन सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर के संरक्षक नरसिंह नारायण मिश्र के संरक्षण में किया गया। ननके यादव, अनिल यादव, हनुमान मिश्र, सन्नू मिश्र, आदर्श पाण्डेय, विनोद यादव, बबलू यादव, शिवा, आशुतोष तिवारी, शिवम् पाण्डेय, जगदम्बा पाण्डेय, का सहयोग रहा। करनैलगंज के गुड़ाही बाजार स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुई यह बारात बग्गी पर सवार भगवान शिव की प्रतिमूर्ति, डीजे व आकर्षक रोड लाइटों के साथ नगर भ्रमण पर निकली। बारात में पवन साहू, विजय मुन्ना सेठ, हरि गोपाल वैश्य, मोहित सेठ, संजय साहू, विशाल कौशल, कनक बिहारी दास, दीपक सोनी, योगेश सोनी, मनीष साह, अंकित वैश्य आदि शामिल रहे।

शिवरात्रि पर नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंघानिया के घंटाघर स्थित प्रतिष्ठान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां प्रसाद के साथ ठंडाई की व्यवस्था रही।कार्यक्रम में नंद किशोर सिंघानिया, अनोखेलाल मोदनवाल, सरदार जोगिंदर सिंह जानी, अरुण वैश्य, मोहित पाण्डेय, अंकित सिंघानिया, डॉ. रतन शुक्ल, दिनेश सिंह, मुकेश सोनी, आशीष शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पांच बेटियों का कराया गया विवाह, शिव बारात रही आकर्षण का केंद्र

**नवाबगंज, अमृत विचार :** रामलीला समिति की ओर से आयोजित इस वार्षिक परंपरा के तहत रविवार सायंकाल फुटहा शिवाला से शिव बारात धूमधाम के साथ निकाली गई। शिव बारात के साथ ही पांचों वरों की बारातें भी कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई रामलीला मैदान पहुंचीं, जहां समिति पदाधिकारियों ने पारंपरिक रीति से बारातियों का स्वागत किया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजन के बीच हिंदू रीति-रिवाज से सभी विवाह संपन्न कराए गए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र सिंह सहित कस्बे के कई गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष दिलीप चौधरी, सीताराम गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, बीरेंद्र कुमार 'टीटू', संजय बंसल, रामबाबू कसौंधन, रामनारायण, मदनलाल, नितीश केसरवानी, मनीष कसौंधन व रवींद्र मोदनवाल सहित अन्य मौजूद रहे।।



सामूहिक विवाह में नव दंपतियों को आशीर्वाद देते आयोजन समिति के लोगत्र

### अधिवक्ता अजीत प्रताप सिंह के निधन से शोक की लहर

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** उतरौला बार के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अधिवक्ता संघ के महामंत्री अजीत प्रताप सिंह के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके असमय निधन को अधिवक्ता समाज के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। तहसील परिसर में वे एक प्रतिष्ठित, प्रतिभाशाली और मिलनसार अधिवक्ता के रूप में पहचाने जाते थे। अपने सहज व्यवहार, स्पष्टवादिता और न्यायप्रिय छवि के कारण वे अधिवक्ताओं व वादकारियों के बीच विशेष सम्मान रखते थे। जरूरतमंदों को उचित कानूनी मार्गदर्शन देना उनकी पहचान थी। निधन की सूचना मिलते ही तहसील परिसर व नगर क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। राम प्रताप वर्मा सहित अनेक अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।



अजीत प्रताप सिंह फाइल फोटो।

**न्यूज ब्रीफ**

### डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 14 शिकायतें प्राप्त हुईं। डीएम ने मिली शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए सभी अधिकारी अपने कार्यालय में जनसुनवाई करें।

### बंदूक के साथ गिरफ्तार

**सिरसिया, श्रावस्ती:** एसपी राहुल भाटी के निर्देश पर पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चला रही है। इसी के क्रम में रविवार रात अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व तस्करी की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय ने पुलिस टीम के अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मुखबिर की सूचना पर गुलरा फटवा निवासी साबिर पुत्र मोहम्मद गनी को एक भरुही बंदूक के साथ गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम में कार्रवाई किया है।

### आपस में सटे दो ट्रक आधे घंटे लगा जाम

**जरवलरोड, बहराइच:** सोसायटी चौराहे से रेवढ़ा सम्पर्क मार्ग पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक ट्रक सड़क किनारे सीमेंट उतार रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे भारी वाहन ने ओवरटेक करने की कोशिश की जिससे दोनों वाहन आपस में सट गए और मार्ग अवरुद्ध हो गया। घटना के चलते करीब आधे घंटे तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही।

# हथियारबंद बदमाशों ने की गृहस्वामी की हत्या

## हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र की घटना, पुत्र को भी मारा चाकू

**वारदात**

जमुनहा/मल्हीपुर, श्रावस्ती



हत्या और लूट के बाद घटनास्थल का जायजा लेते एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र में रविवार रात घर में घुसे हथियारबंद बदमाशों ने गृह स्वामी की हत्या कर दी। वहीं गृह स्वामी के बेटे को जख्मी कर बंधक बना लिया। साथ ही नकदी व जेवर समेट कर मौके से फरार हो गए।

हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उल्लहवा के मजरा भजोरेपुरवा में रविवार रात बदमाशों ने हत्या व लूट की वारदात को अंजाम दिया। भजोरेपुरवा निवासी नेमराज पाठक (52) पुत्र अयोध्या प्रसाद घर के बरामदे में सो रहे थे। जबकि उनका पुत्र सुनील पाठक (25) व बहू लक्ष्मी पाठक (23) अपने कमरे में सोए हुए थे। रात करीब डेढ़ बजे चार बदमाश घर के परिसर में दाखिल हुए और बरामदे में पहुंचे। इस दौरान अचानक नेमराज की आंख खुल गई। इस पर बदमाशों ने उनका मुंह और गला दबा लिया। काबू में न आता देख बदमाशों ने चाकू वार कर हत्या कर दी। पिता दबी आवाज की आहट पाकर बेटा सुनील व बहू लक्ष्मी भी जग गए। जैसे ही सुनील ने दरवाजा खोला तो बाहर खड़े मदमाशों ने उसके सिर पर कपड़ा फेंका और उसे अपने कब्जे में ले लिया। जिसे देख इसके बाद किसी हथियार से उसके सिर व हाथ पर वार कर दिया। जिससे उसका हाथ टूट गया और सिर में चोट आई। बदमशों ने रस्सी से सुनील को बंधक बना लिया और घर में रखे दो हजार रुपये नकदी, सोने के जेवर व अन्य सामान समेट लिया।

### बहू ने बेड के नीचे छिपकर बचाई जान

**जमुनहा, श्रावस्ती :** पति के साथ लक्ष्मी भी जगी थी। पति सुनील ने जैसे ही दरवाजा खोला तो बाहर बदमाशों ने उसे पकड़ लिया। लक्ष्मी ने बताया कि जब उसने देखा कि बाहर खड़े चार लोगों ने उसके पति को पकड़ लिया है। इस पर वह डर गई और अपने कमरे में आकर बेड के नीचे छिप गई। जिस पर बदमाशों की नजर नहीं पड़ी। उसका कहना है कि बदमाशों ने कमरे को खंगाला और नकदी, जेवर व अन्य सामान लेकर चले गए। बदमाशों के जाने के बाद वह बाहर निकली तो पति सुनील बंधे हुए थे और ससुर लहूलुहान पड़े थे। इस पर वह जोर जोर से शोर मचाने लगी। शोर सुनकर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। लोगों की ओर से डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पियारवी पुलिस ने गिरंट थाने को सूचित किया। इस पर गिरंट थाना प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय, बदला चौकी प्रभारी संदीप कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। साथ ही एसपी राहुल भाटी, एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम, सीओ सतीश कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फारेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुत्र सुनील की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वहीं एसपी राहुल भाटी ने पुलिस टीम का गठन कर जल्द ही घटना के अनावरण का निर्देश दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गोकशी में वांछित चार आरोपी गिरफ्तार

**सिरसिया, श्रावस्ती:** सिरसिया थाने में ग्राम बलनपुर बसंतपुर के मजरा संतलिया में आठ फरवरी को मनीराम पुत्र अमेरिका प्रसाद ने प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उसने अज्ञात पर अपनी गाय के बछिया को ले जाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही थी। इस दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम सचौली निवासी सुल्तान उर्फ मुजफर पुत्र अब्दुल हकीम, बलनपुर बसंतपुर निवासी बहाल अंसारी पुत्र जमालुद्दीन उर्फ बाउर, गेंहुआभारी के मजरा वीरपुर निवासी आरिफ पुत्र इदरीश तथा लक्ष्मणपुर मझगांव के काजीपुरवा निवासी इरफान पुत्र मोहम्मद शफीक का नाम प्रकाश में आया। जिन्हें सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से पुलिस ने गोकशी में प्रयुक्त आलाकत्ल दो चाकू, दो गड़ासा, एक लकड़ी का ठीहा, दो टार्च, दो बाइक बरामद की।

# बाल विवाह मुक्ति रथ को सांसद ने दिखाई झंडी



बाल विवाह मुक्ति रथ को रवाना करते सांसद डा. आनंद कुमार गौड़। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार:** भारत सरकार एवं जस्ट राइट्स इंडिया गठबंधन के अंतर्गत संचालित बाल विवाह मुक्त भारत सौ दिवसीय अभियान के तहत देहात इंडिया संस्था के तत्वाधान में आज बाल विवाह के खिलाफ एक महत्वपूर्ण पहल की गई। बहराइच के सांसद डा.आनंद कुमार गोंड ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर विकास भवन से जिला प्रशासन की उपस्थिति में रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं एएचटीयू बहराइच मौजूद रहे। बताया कि इस कुरीति को रोकने के लिए शादी से जुड़े सभी हितधारकों को जिला प्रशासन से एक पत्र जारी किया जाए, इन हितधारकों में प्रिंटिंग प्रेस, कैटरिंग, टेंट हाउस, धर्म गुरु, इत्यादि शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा इन हितधारकों को जिला प्रशासन चिह्नित कर के एक पत्र भेजेगा और इनकी विकास भवन में बैठक भी कराई जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य देश से बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना तथा समाज में जागरूकता फैलाना है। बाल विवाह मुक्ति रथ विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को कानून, अधिकारों एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करेगा। यह सघन अभियान 20 जनवरी से शुरू किया गया है और इसका समापन 08 मार्च 2026 को होगा। इस अवसर पर मो. इमरान, रचना मिश्रा, विंध्यावासिनी, अमरेश राणा, देवेश तिवारी, अदनान अंसार एवं चाइल्ड हेल्प लाइन से अरुण कुमार चौधरी नामित बाल विवाह निषेध अधिकारी सूरज तिवारी आदि रहे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

नवाबगंज, बहराइच



विद्यालय में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र स्थित बाबू काशीराम बासमती देवी इंटर कॉलेज बाबागंज में सोमवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने करीब 25 सांस्कृतिक एवं संदेशपरक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंजू सिंह, विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह रावत, सशस्त्र सीमा बल (SSB) के उप कमांडेंट आशीष कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश चंद उर्फ बंटू तथा जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। मुख्य अतिथि मंजू सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि मेहनत का फल सदैव मीठा होता है और संस्कारयुक्त शिक्षा से विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त कर समाज के अच्छे नागरिक बनते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक के साथ-साथ गीत, संगीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। अंत में विद्यालय के दुर्गेश जायसवाल ने सभी अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक वफा सलीम, शिक्षक सैयद सिराज जाफरी, एन.के. खालिद, सुएब, वाहिद, अंकिता, रेखा, पूजा, ललित जायसवाल, जवाहर लाल यादव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# डायरिया को लेकर किया गया जागरूक

**कार्यक्रम**



कार्यक्रम में छात्रा को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भिनगा में सोमवार को डायरिया से डर नहीं जागरूकता कार्यक्रम के तहत पोस्टर व रोल प्ले प्रतियोगिता कराई गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डायरिया के प्रति विद्यालयों में अभियान के तहत यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आरकेएसके की जिला समन्वयक बबीता ने बताया कि बच्चों को दिन में तीन बार से अधिक पतली दस्त हो, प्यास ज्यादा लगे और आंखे धंस गई हों तो तत्काल चिकित्सक से सलाह लेना चाहिए। क्योंकि यह लक्षण डायरिया के हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को ओआरएस का घोल तब तक देते रहें जब तक की दस्त ठीक न हो जाए। एएनएम व आशा से जिंक की गोली लेकर उनके बताए अनुसार 14 दिनों तक बच्चों को देना चाहिए। डायरिया से बचाव के लिए घर व आसपास सफाई रखें। शौच व बच्चों का मल साफ करने के बाद, भोजन बनाने व खिलाने से पहले हाथों को साबुन से अच्छी तरह धुलना चाहिए। इस दौरान पोस्टर व रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में 41 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें श्रद्धा प्रथम, सुनीता द्वितीय व गरिमा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, रोल प्ले प्रतियोगिता में शिवांशी प्रथम, अनुपम द्वितीय और वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. एकता यादव, कल्पना देवी, सरोजा देवी, सालिहा खातून, गीता देवी, मनीषा मौर्या आदि मौजूद रहीं।

### सागौन व साखू की लकड़ी संग गिरफ्तार

**सिरसिया, श्रावस्ती :** सिरसिया क्षेत्र के जंगलों में प्रतिबंधित पेड़ो की कटान रुकने का नाम नहीं ले रही। इसका खुलासा करते हुए सिरसिया पुलिस ने चिरान के 20 नग साखू व सागौन की लकड़ी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। सिरसिया क्षेत्र में लकड़ी माफिया पूर्वी व पश्चिमी सोहेलवा सहित भिनगा जंगल से प्रतिबंधित साखू, सागौन आदि के पेड़ कट रहे है। बाद में उसका चिरान कर बेंच रहे है। इसकी शिकायत पर थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर गुलरा फटवा की तरफ भिनगा जंगल से आते हुए गुलरा कोठी निवासी मोहम्मद शरीफ पुत्र मोहम्मद समून को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। पूछताछ में उसके बताए स्थान से पांच नग सागौन और 15 नग शाखू की लकड़ी बरामद किया। जिसके विरुद्ध सिरसिया थाने में आर्म्स एक्ट व भारतीय वन अधिनियम में मामला दर्जकर जेल भेजा है।

# चोरी की 5 बाइकें व पाट्र्स बरामद, चार लोग गिरफ्तार

**जरवलरोड, बहराइच:** थाना जरवल रोड पुलिस को चोरी की मोटरसाइकिलों के गिरोह के विरुद्ध बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 5 मोटरसाइकिल, तीन चेचिस, चार खुले इंजन के पाट्र्स, एक हथौड़ी, दो रिंच और एक पिलास के साथ तीन मोबाइल फोन तथा 2100 रुपये नकद बरामद करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अलीमुद्दीन उर्फ सोनू पुत्र शमसुद्दीन निवासी मीरपुर थाना कैसरगंज, फैयाज पुत्र रज्जब निवासी कटरा दक्षिणी जरवल कस्बा, सफीक पुत्र इसराइल निवासी तकिया मोहल्ला जरवल कस्बा बताए। अलीमुद्दीन उर्फ सोनू ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर एक मोटरसाइकिल अचेहरा द्वारिकापुरी से तथा दूसरी बाराबंकी रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक स्कूल से चोरी की थी। चोरी की गई गाड़ियों को सफीक व आजाद नामक व्यक्ति को सौंप दिया जाता था जो उन्हें खोलकर पाट्र्स अलग-अलग बेच देते थे। शेष पाट्र्स व चेचिस को दीपक पुत्र धनीराम की कबाड़ की दुकान पर बेच दिया जाता था। पुलिस आरोपियों को साथ लेकर आजाद की दुकान पर पहुंची जहां आजाद पुत्र मोबीन अहमद निवासी परसोहर थाना जरवलरोड को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर कबाड़ गोदाम से चोरी की मोटरसाइकिलों के खुले पाट्र्स, चेचिस व अन्य सामान बरामद किया गया।

### कीर्तन गायक कलाकारों को किया सम्मानित



जवाबी कीर्तन में मुख्य अतिथि जयप्रकाश सिंह को किया गया सम्मानित।

**नवाबगंज, बहराइच :** महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार देर रात तक चले जवाबी कीर्तन का मुकाबला बराबरी पर रहा। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज ने दोनों कीर्तन गायक कलाकारों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। नवाबगंज के मंगली नाथ शिव मंदिर प्रांगण में रविवार देर रात तक तक चले कीर्तन गायक बाबा विकल व दुर्गेश नंदिनी के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। इस दौरान जवाबी कीर्तन में दोनों कलाकारों ने दर्शकों की वाहवाही बटोरी मुकाबला बराबरी पर छूटने पर व कार्यक्रम के समापन होने पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह ने दोनों कीर्तन गायक कलाकारों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

### महाशिवरात्रि पर निकाली शिव बारात



शिव बारात में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**जरवलरोड, बहराइच :** महाशिवरात्रि पर जरवल रोड के प्राचीन शिव मंदिर से निकली भव्य एवं दिव्य शिव बारात की अद्भुत छटा ने पूरे नगर को शिवमय कर दिया। गाजे-बाजे, डमरू दल और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच जैसे ही बारात मंदिर प्रांगण से निकली, श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। भोलेनाथ की मनोहारी झांकी, शिव-पार्वती का सजीव रूप और शिव तांडव पर झूमते भक्त आकर्षण का केंद्र बने रहे। नगर के प्रमुख मार्गों रेलवे स्टेशन मार्ग, सब्जी मंडी, इंटर कॉलेज मार्ग, तूफानी चौराहा और गल्ला मंडी से होते हुए बारात पुन: मंदिर परिसर पहुंची, जहां भव्य स्वागत-सत्कार के साथ व्यंजन सहित भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे मार्ग को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था।

### भक्तों ने मंगली शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

**नवाबगंज बहराइच :** महाशिवरात्रि पर श्री मंगली नाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने महादेव के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपनी मनौतियों की कामना की। नवाबगंज स्थित पांडव कालीन पौराणिक स्थल श्री मंगलीनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं महिलाओं व श्रद्धालुओं ने निर्जला व्रत रखकर अपनी-अपनी मनौतियों के लिए मनोकामना की तथा दूध जल व बेलपत्र, धतूर फल चढ़ाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शिव व पार्वती की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर मगंलीनाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया जिससे वातावरण हर हर महादेव के नारों से गुजाएंमान रहा। क्षेत्र के ग्राम अंटहवा व अवधूत गांव से भोले शंकर की बारात निकाली गयी जो क्षेत्र के सेमरा, महादेवा, सद्दधू गांव, माधोपुर, धन्नी गांव, तिवारी गांव, बाबा गांव, रहीम नगर, हरिहरपुर, आदि विभिन्न गांवों से भ्रमण करते हुए कस्बा नवाबगंज पहुंचे जहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा शिवशंकर धर्मशाला एवं मंगली नाथ मंदिर प्रांगण में में माता पार्वती व भोलेनाथ का विवाह समारोह संपन्न कराया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बर्तन कपड़ा आदि बारातियों को भेंट किया इसके साथ ही ग्राम अंटहवा से शिव बारात की झांकी निकाली गई जो मंगली नाथ मंदिर में आकर विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### फाइनल में लखनऊ की टीम ने मेरठ को हराया

**बहराइच, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम देवी पाटन मंडल वुमेंस सीनियर स्टेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान पर हुआ जिसमें सातवें दिन फाइनल मुकाबला खेला गया ।फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सचिन आनंद शुक्ला तथा महिला सिलेक्शन कमिटी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रियंका शैली रहीं । सोमवार के दिन फाइनल मुकाबला मंडल क्रिकेट एसोसिएशन मेरठ और क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर मेरठ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया बल्लेबाजी करने उतरी मेरठ ने निर्धारित 25 ओवरों में 10 विकेट पर 150 रन बनाई जिसमें अमीषा ने सर्वाधिक 30 रनों का योगदान दिया , लखनऊ की ओर से तान्या सिंह ने 3 विकेट लिया वहीं जवाब में उतरी लखनऊ की टीम ने 21.5 ओवर में ही 3 विकेट खोकर 151 रन बनाकर मैच को जीत लिया , लखनऊ की ओर से शशि बाला ने सर्वाधिक नाबाद 67 रनों का योगदान दिया।

# कुत्तों ने बालक समेत 12 ग्रामीणों को किया घायल

**जरवलरोड, बहराइच:** क्षेत्र की ग्राम सभा तप्पेसिपाह, मजरा साइन पुरवा में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि ग्रामीणों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। बीते दस दिनों के भीतर कुत्तों के झुंड ने एक मासूम बच्चे सहित करीब एक दर्जन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया है। ताजा मामला तप्पेसिपाह के साइन पुरवा का है, जहां डेढ़ वर्षीय मासूम कैफ पुत्र ताज मोहम्मद अपने घर के सामने अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान अचानक कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों ने मासूम को बुरी तरह नोच डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को भगाकर उसे बचाया। यह पहली घटना नहीं है। पिछले दस दिनों में क्षेत्र में कुत्तों के हमलों की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। घायलों में शबनम पत्नी सफीकुल, निशा पत्नी साबिर अली, पवन व अभय निषाद पुत्रगण कल्लू, मिथलेश पुत्र पवन, अजान पुत्र मोबिन तथा दीपांशु पुत्र रघुनाथ सहित लगभग एक दर्जन ग्रामीण शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद ले जाया गया।

### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**श्रावस्ती/इकौना/जमुनहा :** रामपुर व बाराबंकी जिले में हुई अधिवक्ता की हत्या के विरोध में व अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर जिले के अधिवक्ताओं ने न्यायालयों का बहिष्कार किया। इस दौरान भिनगा में डीएम व इकौना तथा जमुनहा में अधिवक्ताओं ने एसडीएम को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। भिनगा में मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसो. के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष सुरेश चंद तिवारी व महामंत्री सतीश मौर्य के नेतृत्व में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंपा। कहा कि 11 को रामपुर में बार एसो. के वरिष्ठ अधिवक्ता फारूक अहमद खान की सरकारी कार्यालय में दिनदहाड़े गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। इसी प्रकार 13 फरवरी को बाराबंकी में अधिवक्ता शोएब किदवाई की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या की गई।

# शिव मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़



भोलेनाथ के मंदिर में जुटे श्रद्धालु। अमृत विचार

**जरवल रोड, बहराइच:** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जरवल रोड क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर परिसर सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिरों में लगनी शुरू हो गईं। क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर, सोमेश्वर महादेव मंदिर (तूफानी चौराहा), मनकामेश्वर महादेव मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर (सब्जी मंडी के निकट बरगद वाली गली) सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही शिवभक्तों का तांता लगा रहा। जैसे ही भोर हुई, मंदिर परिसर घंटा-घड़ियालों की मधुर ध्वनि और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तथा जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। पूरे दिन मंदिरों में भक्ति का माहौल बना रहा और श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन-पूजन करते नजर आए। शाम के समय कार्यक्रम आयोजकों द्वारा भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आकर्षक पुष्प सज्जा और दिव्य अलंकरण के साथ सुसज्जित स्वरूप ने सभी का मन मोह लिया। इसके उपरांत मंत्रोच्चार एवं घंटा-घड़ियालों की गूंज के बीच विशाल आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का लिया जायजा



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा के लिए जिला राजकीय पुस्तकालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका सोमवार को डीएम नेऔचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि बोर्ड परीक्षाएं छात्रों के भविष्य से जुड़ी हैं। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने राजकीय पुस्तकालय में बने कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने जिले के 41 परीक्षा केंद्रों से जुड़े डीवीआर व सीसीटीवी कैमरों के संचालन की समीक्षा की। सभी केंद्रों के सीसीटीवी कैमरे ऑनलाइन सक्रिय पाए गए। उन्होने कंट्रोल रूम प्रभारी को कक्षाओं में कैमरों की स्पष्ट दृश्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गतिविधियों पर प्रभावी नजर रखी जा सके। तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि शांतिपूर्ण, नकलमुक्त और निष्पक्ष परीक्षा कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए तकनीकी निगरानी के साथ-साथ सतर्कता भी जरूरी है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान डीआईओएस सत्येन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का लगाया आरोप

**जमुनहा, श्रावस्ती:** बनगई निवासी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव सोमवार सुबह कमरे में छत के कुंढे से लटका मिला। मृतिका की मां ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मल्हीपुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बहराइच जिले के थाना रिसिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जलाल पट्टी निवासी मुनक्की पत्नी लड्डन ने थाना मल्हीपुर थाने में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि उसने अपनी पुत्री शबाना (20) का निकाह 19 मई 2025 को मुस्लिम रीति-रिवाज से मल्हीपुर के ग्राम निवासी जमील पुत्र जुग्गन के साथ किया था। विवाह के दौरान अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज देकर पुत्री को ससुराल भेज था। मायके आने पर शबाना ने बताया था कि ससुराल में उसका जेठ रईस पुत्र जुग्गन, जेठानी तथा पति जमील व सास उसे दहेज को लेकर ताने देकर प्रताड़ित करते थे। मृतिका की मां का आरोप है कि रविवार सुबह उनकी पुत्री से बातचीत हुई थी, जिसमें उसने मारपीट किए जाने की बात बताई थी।

# संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**कानीबोझी/वीरगंज, श्रावस्ती:** नगर गिरंट थाना क्षेत्र के मुलायमपुरवा गांब में सोमवार को घर के अंदर विवाहिता शव संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बहराइच के पकड़िया निवासी रुखसार (25) का निकाह नफीश से हुआ था। नफीश के दो पत्नी थी, रुखसार दूसरी पत्नी थी। पांच दिन पूर्व नफीश पहली पत्नी के साथ के मुंबई कमाई करने चला गया था । सोमवार सुबह करीब नौ बजे रुखसार अपनी एक वर्ष की पुत्री को अपने गांव में ब्याही सगी बहन नसरीन व शाहीन के घर देकर घर आ गई। दोपहर करीब एक बजे शाहीन की सास बच्ची को लेकर रुखसार के घर पहुंची तो देखा रुखसार के घर का लोहे का दरवाजा अंदर से बंद था। अनहोनी की आशंका होते ही लोगों ने दूसरे के घरों के छत से रुख़्सर के घर के अंदर पहुंच तो देखा कि दुपट्टे के सहारे रुखसार का शव लटक रहा था।

